

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web: www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,शुक्रवार 8 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-161 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 9 सितंबर 2023 ₹ 1.00

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### ट्रक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, महिला की मौत

**महासमुंद,8 सितंबर।** जिले में एनएच 53 पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी. हादसे में एक महिला की मौत हो गई. वहीं 28 लोग घायल हो गए हैं, जिसमें से 5 को गंभीर चोट आई है. घायलों को पास के ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव लाया गया. जहां से एक को रायपुर और 2 घायलों को महासमुंद अस्पताल रेफर किया गया है. घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है. यह मामला पटेवा थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, बीती रात पटेवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 53 पर मुंगई माता मंदिर के पास ट्रक (ट्रक क्रमांक ह्रष्ठ 15 ङ्ग 3396) ने ट्रैक्टर को पीछे से ठोकर मार दी. ट्रैक्टर में कुल 39 लोग सवार थे. हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि 28 लोग घायल हुए हैं. वहीं 5 कोगों को आया गंभीर चोट आई है.आसपास के लोगों ने जैसे ही दुर्घटना की आवाज सुनी तो घायलों की मदद करने पहुंच गए. सभी घायलों को तत्काल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव लाया गया. जहां से 3 घायलों को रेफर किया गया. जिसमें से एक को रायपुर और 2 को महासमुंद अस्पताल भेजवाया गया है. मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है और फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है.

### दिल्ली नो फ्लाई जोन हो गया, कैसे जाऊंगा

# छग के सीएम जी-20 रात्रिभोज में नहीं होंगे शामिल



**रायपुर,8 सितंबर**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को कहा कि वह राष्ट्रपति के जी20 रात्रिभोज में शामिल नहीं होंगे। शिखर सम्मेलन के लिए सुरक्षा सावधानियों के कारण दिल्ली के अंदर और बाहर जाने वाली कोई गैर-निर्धारित उड़ानें नहीं हैं। बघेल ने कहा कि भाई, अब तो नो फ्लाइंग जोन हो गया है। कैसे जाएंगे (दिल्ली अब नो-फ्लाई जोन बन गया है। मैं कैसे जाऊं? सरकार ने शनिवार को भारत मंडपम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित विशेष रात्रिभोज के लिए जी20 के गणमान्य व्यक्तियों के अलावा सभी मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों को विशेष निमंत्रण दिया है।

### रमन सिंह पर अब केंद्र को नहीं रहा भरोसा : भूपेश

भरोसे का सम्मेलन में जाने से पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने रमन सिंह के बयान भूपेश सरकार से जनता का भरोसा उठ गया है पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा की इसमें क्या कहूँ आज खुद रमन सिंह की अस्तित्व और भरोसे में प्रश्न चिन्ह लग चुका है केंद्र सरकार उनके ऊपर कोई भरोसा नहीं कर रही है तीन-तीन उपचुनाव हुए खैरागढ़ उपचुनाव जिसे रमन सिंह जी अपना तीसरा घर कहते हैं रिकॉर्ड मतों से कांग्रेस वहां जीती है अपना घर तक बढ़ाने में रमन सिंह सफल नहीं हो पाए और भरोसे की बात करते हैं केंद्रीय गृहमंत्री जी का दो-दो कार्यक्रम तीन-तीन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में हुए कार्यकर्ता तो छोड़िए जनता तक नहीं पहुंची सरायपाली के कार्यक्रम में उड़ीसा के लोगों को लाया गया और हमारे नेता राहुल गांधी का जब मेला ग्राउंड में कार्यक्रम हुआ तो पूरा मेला ग्राउंड लाखों लोगों से भरा हुआ था इसी से आप समझ सकते हैं कि भरोसा किस पर है।

मोहन भागवत के आरक्षण पर दिए गए बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अच्छा है भागवत जी के विचार बदल गए बिहार में रहते थे आरक्षण खत्म कर दिया जाना चाहिए और आज 200 साल के आरक्षण पर सहमति जाता रहे हैं। भारत में हो रहे जी-20 सम्मेलन पर मल्लिकार्जुन खड़गे को डिनर पर ना बुलाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है इस प्रकार की संस्कृति भारत में नहीं होनी चाहिए राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष है कांग्रेस अध्यक्ष हैं उन्हें डिनर में बुलाना चाहिए था ।

## ईडी-आईटी लोकतंत्र का नाश कर रही : खड़गे



**राजनांदगांव, 8 सितम्बर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन राजनांदगांव में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' में केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने छत्तीसगढ़ में लगातार पड़ रहे छापे पर कहा कि ईडी-आईटी लोकतंत्र का नाश कर रही है। लेकिन हम मजबूती से खड़े हैं। छत्तीसगढ़ की जनता की बदौलत में कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना। इसस पहले सीएम ने भूपेश ने रमन सिंह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रमन की विधायकी वाला राजनांदगांव सबसे पिछड़े जिलों में आता था। राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के लिए 355 करोड़ 23 लाख रूपए की लागत के कुल 1 हजार 867 के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया ।

# कार से 40 लाख रुपए बरामद



**मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर,8 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ से बड़ी खबर सामने आई है. विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार चेकिंग कार्रवाई के दौरान मनेन्द्रगढ़-घुटरीटोला चेक पोस्ट पर पुलिस ने नोटों की गड्डी बरामद की है. पुलिस ने मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ आ रही एक कार से 40 लाख रुपये कैश बरामद किया है. पूछताछ में उक्त संदिग्ध व्यक्ति ने खुद को व्यापारी बताया है. यह कार्रवाई खोंगापानी पुलिस चौकी की टीम ने की है. संदिग्ध व्यक्ति से जब पुलिस ने पैसों को लेकर दस्तावेज मांगा तो उसने कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया है. पुलिस व्यापारी से पूछताछ कर रही है. वहीं पुलिस ने इस पूरे मामले जानकारी उच्च अधिकारियों को भी दे दी है.इतना ही नहीं पुलिस अब आयकर विभाग को भी इस पूरे मामले की जानकारी देने की तैयारी कर रही है. हालांकि ये कैश किसका है और कहा से कहा जा रहा था इसका खुलासा अभी पुलिस ने नहीं किया है. बताया जा रहा है कि इतनी बड़ी रकम सूरजपुर के अभिषेक गोयल नामक व्यापारी के पास से मिली है. वहीं पैसों की बरामदगी के बाद व्यापारी ने पुलिस को पैसों को लेकर कोई दस्तावेज नहीं दिखाया है. फिलहाल मामले में पुलिस व्यापारी से पूछताछ कर रही है.

### नगरनार पुलिस ने जब्त किया 10 लाख रु.

**दंतेवाड़ा,8 सितंबर।** जिले की पुलिस को एक बड़ी सफलता साथ लगी है। पिछले दिनों नगरनार थाना के अंतर्गत धन पूंजी नाका पर हर दिन की तरह गाड़ियों की चेकिंग हो रही थी. इसी बीच एक उड़ीसा के तरफ से छत्तीसगढ़ जगदलपुर की ओर आ रही कार को रोक कर उसकी तलाशी ली गई. वाहन पर तीन व्यक्ति सवार थे उनके पास 500 के 20 बंडल 10 लाख रुपए कैश बरामद हुआ। इसके बारे में उन तीनों कार सवार से पूछे जाने पर उचित जवाब नहीं मिला।

### गांव में मिला दुर्लभ प्रजाति का पेंगोलिन

**धमतरी,8 सितंबर।** जिले के ग्राम भीतररास में एक दुर्लभ प्रजाति का पेंगोलिन मिला है। जिसकी सूचना मिलने पर बिरगुडी वन परिक्षेत्र के रेंजर मौके पर पहुंचे। वन अमला ने रेस्क्यू कर काफी मशक्कत के बाद पेंगोलिन को पकड़ लिया। जिसके बाद उसे जंगल में ले जाकर छोड दिया गया। बताया जा रहा है कि नगरी क्षेत्र के ग्राम भीतररास के एक घर में पेंगोलिन मिलने से पूरे गांव में हडकंप मच गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को दी। आपको बता कि पेंगोलिन काफी शर्मिला जानवर होता है। इस जानवर से इंसान को कोई खतरा नहीं रहता। वहीं वन विभाग के कर्मचारी ने पेंगोलिन को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा।

## हनीट्रैप में फंसा छग का युवा आईएएस अफसर

**रायपुर,8 सितंबर।** छत्तीसगढ़ कैडर के युवा आईएएस युवराज मरमट को हनी ट्रेप में फंसाने का मामला सामने आ रहा है। बताते हैं, दिल्ली की एक युवती ने वहां के थाने में शोषण की शिकायत की है। वहीं, युवराज ने जयपुर में युवती के खिलाफ ब्लैकमेलिंग की शिकायत की है। युवराज 2022 बैच के ट्रेनी आईएएस हैं। इस समय वे रायगढ़ में असिस्टेंट कलेक्टर हैं। पता चला है, रायगढ़ में उन्होंने काउंटर रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया मगर यहां का मामला नहीं होने की वजह से ऐसा हो नहीं पाया। आईएएस युवराज राजस्थान के जयपुर के रहने वाले हैं। पिछले महीने रायगढ़ कोर्ट में उन्होंने तेलांगना कैडर की आईपीएस अधिकारी मोनिका से शादी की थी। सूत्रों के अनुसार युवराज ने जयपुर के मुहाना थाना में शिकायत की है कि दिल्ली की तलाकशुदा युवती उन्हें ब्लैकमेलिंग कर रही है।जानकारी के अनुसार दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी के दौरान युवती से उनकी जान पहचान हुई थी। इस दरम्यान युवती से उनकी बातचीत होती रही। बाद में वो शादी के लिए प्रेशर बनाने लगी। शादी करने से इंकार करने पर वो झूठे केस में फंसाने की धमकी के साथ ही आत्महत्या करने की धमकी दे रही है। इसके अलावा युवती डेढ़ करोड़ रुपए मांग रही है। आईएएस का आरोप है कि युवती उन्हें फोन कर धमकाती रहती है। पुलिस से की गई शिकायत में आईएएस ने बताया है कि आरोपी महिला सोची समझी साजिश के तहत यह सब कर रही है। वह किसी वकील के माध्यम से झूठा केस करना चाहती है।

### डूबी बच्ची का शव मिला

**दुर्ग,8 सितंबर।** शिवनाथ नदी के पुराने पुल से मंगलवार की रात को बोलेरो वाहन में डूबे सभी पांचों शव बरामद कर लिए गए हैं. अब तक लापता बच्ची गरिमा देशमुख का शव आज बेलौदी से एसडीआरएफ की टीम ने बरामद किया. बच्ची का शव शिवनाथ नदी की तेज धार में बहकर ग्राम बेलोदी पहुंच गया था. आज नदी से एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय मछुआरों ने शव को नदी से बाहर निकाला.

### पिता ने रेता मासूम का गला

**कोरबा,8 सितंबर।** जिले में एक बार फिर कलयुगी पिता ने अपने तीन वर्षीय पुत्र की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मामला बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेला के गहनिया के आश्रित मोहल्ला खेतार का है।




## एक नजर

### 18 किलो गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार



**भिलाई,8 सितंबर।** भिलाई कुम्हारी टोल प्लाजा के पास पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपित से 18 किलो गांजा बरामद किया गया आरोपित नैनो कार में गांजा भरकर भिलाई से महासमुंद जा रहा था आरोपित के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है उप पुलिस अधीक्षक ( क्राइम ) राजीव शर्मा ने बताया कि एसीसीयू की टीम को विशेष सूत्रों से पता चला की संग्राम चौक कैंप-एक निवासी बलीराम ठाकुर अपनी टाटा नैनो कार से महासमुंद की ओर से गांजा भरकर लाता है, जिसे भिलाई में चिल्हर विक्रेताओं को बेचता है सूचना पर टीम द्वारा बलीराम ठाकुर की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी पुलिस को पता चला कि वह अपनी नैनो कार से रायपुर से दुर्ग के लिए निकला है सूचना मिलते ही कुम्हारी थाना पुलिस को टोल प्लाजा के पास अलर्ट रहने के लिए कहा गया विशेष जांच के दौरान रायपुर की तरफ से दुर्ग की ओर आ रही टाटा नैनो (सीजी 04 एचव्ही 9212) को रोककर चेक किया गया चेकिंग के दौरान पिछली सीट के पीछे एक गुप्त खांचे से 18 पैकेटों में भरा तकरीबन 18 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया शर्मा ने बताया कि थाना कुम्हारी से आरोपित के विरुद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अग्रिम कार्रवाई की रही है उक्त कार्यवाही में ए.सी.सी.यू प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा व कुम्हारी टीआई केशव कोसले सउनि शमित मिश्रा, प्र.आर.सत्येन्द्र मढ़रिया, चन्द्रषेखर बंजीर, आरक्षक अरविन्द मिश्रा, रिन्कू सोनी, अमित दुबे, डी प्रकाष, गुनित कुमार, नितिन सिंह थाना कुम्हारी से प्र.आरक्षक नंदलाल सिंह, आरक्षक बंटी सिंह, विजय धुरंधर, ओम प्रकाष एवं चालक आरक्षक यषवंत साहू की उल्लेखनीय भूमिका रही

### नशीली टेबलेट के साथ आरोपी पकड़ाया



**भिलाई, 8 सितंबर।** भिलाई नशीली दवाइयां को बिक्री करने के उद्देश्य से लेकर घूम रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है उसके पास से कुल 1665 अल्प्राजोलम टैबलेट जब्त किए गए हैं आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 8, 22, 27, (1) के तहत कार्रवाई की जा रही है दुर्ग कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि नयापारा दुर्ग निवासी देवेंद्र निषाद पिता स्वर्गीय संतोष निषाद अल्प्राजोलम की गोलियों को लेकर उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था घेराबंदी करते हुए आरोपी को पकड़ा गया है उसके पास से 1665 नग अल्प्राजोलम टेबलेट एवं नगदी रकम 2500 रुपए जब्त किए गए हैं।

### सूने मकान से जेवरात की चोरी

**भिलाई, 8 सितंबर।** भिलाई स्मृतिनगर चौकी अंतर्गत एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि सौरभ कुमार सिंह राधिका नगर सुपेला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि स्मृतिनगर सड़क 26 में उसकी बड़ी बहन का ससुराल है जीजा दुबई में काम करते है उक्त मकान में सास-सुसर भी निवासरत है। वे 17 जुलाई की सुबह घर में ताला लगाकर अपने छोटे बेटे के पास जर्मनी चले गए थे 6 सितंबर की सुबह सूचना मिली कि मकान का दरवाजा टूटा है। घर से 32 इंज दीवार टीवी,एक सोने की चेन,सोने के कान का झुमका,सोने की अंगूठी,चांदी के 4 नग प्लेट,4 नग गिलास,4 नग चम्मस अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

# प्रदेश में सबसे अधिक सोलर हाई मास्क लाइट लगाने वाला जिला कबीरधामः मंत्री मो.अकबर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 8 सितंबर।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने कवर्धा के ऊर्जा पार्क में जिले के नगर पालिका, नगर पंचायत व ग्रामीण अंचलों में विकास को रोशन करते हुए 1200 वाट्स 9 मीटर क्षमता के 10 करोड़ 36 लाख 35 हजार की लागत से 215 नग सोलर हाई मास्क लाइट स्थापना कार्य का भूमि पूजन किया। इससे नगर और गांव के चौक-चौराहे सोलर लाइट से रोशन होंगे। इस अवसर पर क्रेडा के सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि कबीरधाम जिला सबसे ज्यादा सौर हाई मास्क लाइट लगाने वाला जिला बन गया है। सोलर योजना के तहत किसानों को सोलर पंप का लाभ भी दिया जा रहा है। जिले में क्रेडा से संबंधित सभी योजनाएं लाने का कार्य किया गया है और वे सफल हुए है। उन्होंने कहा कि सोलर हाई मास्क लाइट स्थापित होने से शहर और गांव रोशन होगा। सोलर लाइट से प्रकाश होने से बिजली की बचत होगी। वहीं अक्षय ऊर्जा के विस्तार के क्षेत्र में अच्छी पहल है। इसके माध्यम से सूर्य के प्रकाश से ऊर्जा एकत्रित होकर इसका उपयोग प्रकाश के लिए होगा। केबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक के विशेष प्रयास से जन आकांक्षाओं के मांग के अनुरूप जिले में कवर्धा नगरपालिका सहित जनपद पंचायत के विभिन्न ग्रामों के लिए हाई मास्ट सोलर लाइट की स्वीकृति प्रदान की गई। जिसका आज भूमिपूजन किया गया है। छत्तीसगढ़ क्रेडा को भारत सरकार द्वारा अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया है। दिल्ली में आयोजित समारोह में इस क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार भी विगत दिनों प्रदान किया गया है। जिले के अनेक गांव के चौक चौराहे रोशन हो रहे है। किसान हित में भी सौर सुजला योजना के जरिये सिंचाई का लाभ भी जिले के किसानों को अधिक से अधिक दिया जा रहा है। क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने कहा की केबिनेट मंत्री विकास पुरुष अकबर ने हमेशा लोगो को विकास की सौगात दी है और कबीरधाम जिले में विकास की तस्वीर दिख रही है । जब जब कांग्रेस को लोगो ने जनादेश दिया है तब तब चहुंमुखी विकास धरातल पर दिखती है । केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर की तारीफ करते हुए कन्हैया अग्रवाल ने कहा की सिर्फ विकास विकास यही प्राथमिकता हमेशा रहती है । जिले में प्रकाश के लिए क्रेडा के चेयरमैन मिथलेश स्वर्णकार ने 215 हइट मस्ट लाइट स्वीकृत की है। जिसके तहत कवर्धा विधनसभा के अंतर्गत नगरपालिका कवर्धा क्षेत्र के अनेक चौक चौराहो के लिए 16 नग सोलर लाइट ,नगर पंचायत बोड़ला में 5 नग , सहसपुर लोहारा के लिए 5 नग, पिपरिया अंतर्गत 7 नग , बोड़ला जनपद पंचायत के अनेक गाव के लिए 44 नग, कवर्धा जनपद क्षेत्र के 69 गावो में 69 नग और सहसपुर लोहारा जनपद के लिए 29 नग की स्वकृति दी गई है। इसी तरह पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के पंडरिया जनपद पंचायत के लिए 20 नग, जनपद पंचायत कवर्धा के लिए 12 नग और जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के लिए 8 नग इस तरह कुल 215 नग की स्वीकृति मिली है। क्रेडा जोनल कार्यालय अधीक्षण अभियंता भानुप्रताप , जिला प्रभारी क्रेडा वैभव दुबे, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरिराम साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, अध्यक्ष नगर पंचायत, सहसपुर लोहारा श्रीमती अनारा साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत पिपरिया श्री महेन्द्र कुम्भकार, अध्यक्ष नगर पंचायत, बोड़ला श्रीमति सावित्री साहू, , कृषि उपज मण्डी समिति कवर्धा अध्यक्ष नीलकंठ साहू, जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राजकुमार तिवारी , महामंत्री मोहम्मद कलीम , नगर पालिका उपाध्यक्ष जमील खान उपाध्यक्ष कृषि उपज मण्डी समिति चोवाराम साहू, पार्षद अशोक साहू , पार्षद मोहित महेश्वरी , पार्षद सुनील साहू और नागरिकगण उपस्थिति थे।



### क्रेड़ा सदस्य कन्हैया अग्रवाल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**कवर्धा,8 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल को सुबह 6 बजे से लेकर देर रात तक बधाई देने वालो का तांता लगा रहा । जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरीराम साहू , कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा , कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू , जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राजकुमार तिवारी , जिला महामंत्री मोहम्मद कलीम , जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी , पार्षद सुनील साहू , पार्षद अशोक सिंह ठाकुर , पूर्व पार्षद बिलाल खान ने गुलदस्ता भेंटकर कन्हैया अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई दी और बधाई देते हुए कहा की आप जियो हजारों साल । लोगो और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मिठाई और केक खिलाकर कन्हैया अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई दी । ग्राम नेवारी में क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया और जन्मदिन के अवसर पर ग्रामीणों ने कन्हैया अग्रवाल का गुलदस्ता एवं शाल भेंटकर जन्मदिन की बधाई दी । जिला कांग्रेस कमेटी में केक काटकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के बीच धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया ।

# ललित कला अकादमी रीजनल सेन्टर के लिए मिला सेक्टर-1 का हाई स्कूल भवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 8 सितम्बर।** सांसद विजय बघेल ने भिलाई में प्रस्तावित ललित कला अकादमी के देश में आठवें रीजनल सेंटर के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया है। उनके अथक प्रयास पर भिलाई इस्पात संयंत्र ने सेक्टर-1 का हाई स्कूल इसके बाबत देने का पत्र अकादमी को भेजा है। स्कूल भवन दिए जाने की सहमति पर ललित कला अकादमी के एक्जीक्यूटिव बोर्ड मेंबर डॉ. अंकुश देवांगन, संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष कीर्ति व्यास, सचिव हेमंत सगदेव, अनिल पांडे, प्रवीण कालमेघ, मीना देवांगन (कोडागाव) प्रशांत क्षीरसागर तथा अनेक कलाकारों ने सांसद के प्रति आभार जताया है। ज्ञात हो कि विगत 2 वर्षो से यहां के कलाकार प्रयास कर रहे थे कि भिलाई में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के ललित कला अकादमी का रीजनल सेन्टर खुले। इसके लिए सांसद विजय बघेल ने अनेक बार संस्कृति मंत्री एवं इस्पात मंत्री से भी मुलाकात की थी वहीं उनकी अनुशंसा पर बनाए गए छत्तीसगढ़ के प्रथम एक्जीक्यूटिव बोर्ड मेंबर अंकुश देवांगन ने अकादमी के एक्जीक्यूटिव बोर्ड तथा जनरल काउंसिल में इस बाबत प्रस्ताव 2 साल पहले ही पारित कर लिया था। इस केंद्र के खुल जाने से भिलाई में देश-विदेश के कलाकार आकर दृश्य कलाओं के सृजन कार्य करेंगे। सैकड़ों कलाकारों को यहां रहकर रेजीडेंसी कार्य करने को मिलेगा। राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न ग्रांड, फैलोशिप तथा स्कॉलरशिप भी मिलेंगे। देश विदेश के कलाकारों का यहां आगमन होगा। इसके अतिरिक्त सैकड़ो कलाकृतियों के निर्माण होने से भिलाई के एक प्रमुख आकर्षण केंद्र के रूप में भी यह केंद्र विकसित हो सकेगा। निरंतर कला प्रदर्शनी तथा कलात्मक आयोजनो से यह परिसर महक उठेगा। अंकुश देवांगन ने बताया कि भविष्य में भिलाई इस्पात संयंत्र आने वाले डेलिगेशन और व्ही आई पी सदस्यों के विजिट के लिए यह प्रमुख स्थल बन जाएगा। वही सांसद विजय बघेल ने इसे छत्तीसगढ़ कला जगत के लिए एक बड़ा कदम निरूपित करते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र को साधुवाद दिया है। तथा इस केंद्र के समुचित विकास हेतु संस्कृति और इस्पात मंत्री को भी पत्र लिखा है। केंद्र के बन जाने से छत्तीसगढ़ कला संस्कृति का व्यापक विकास होगा तथा स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। ऐसा सेंटर आजादी के बाद से देश भर में मात्र सात ही बने हैं और भिलाई में बन जाने से यह आठवां सेंटर होगा।

### सेक्टर-1 और 5 की पानी टंकी से रोकी गई जल आपूर्ति

**भिलाई, 8 सितम्बर।** इस्पात नगरी भिलाई स्थित सेक्टर-1 सी मार्केट स्थित पानी टंकी एवं सेक्टर-5 पानी टंकी की जर्जर स्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि इन टंकियों से अब जल आपूर्ति नहीं की जायेंगी। उपरोक्त सेक्टरों के टंकी के समीपवर्ती क्षेत्र की जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन टंकियों को बंद व अनफिट घोषित किया गया है और इन टंकियों का प्रचालन दिनांक 08.09.2023 से नहीं किया जाएगा। इन टंकियों को बंद करने के कारणों से प्रभावित सेक्टर क्षेत्र में जल आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होगी। भिलाई इस्पात संयंत्र, प्रबंधन नगर निगम और जिला प्रशासन के सहयोग से जल प्रदाय हेतु वैकल्पिक व्यवस्था करने जा रहा है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में नए मतदाताओं को जागरूक किया गया



**भिलाई, 8 सितम्बर।** स्वामी आत्मानंद उच्चतर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छावनी में शासन के निर्देशानुसार समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षकगण सम्मिलित होकर नए मतदाताओं को जागरूक करने का कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। उक्त कार्यक्रम के तहत प्रत्येक दिवस में विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जा रहे हैं जिसमें मानव श्रृंखला, संविधान की पाठशाला का शपथ, संकल्प हस्ताक्षर बाल, घर-घर दस्तक देकर आम जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयत्न किया जा रहा है। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य श्रीमती शीला फ्रांसिस, श्रीमती के व्ही रत्नम, श्रीमती सविता सतपथी आर एन साहू, ए के मिश्र, डी के ठाकुर, श्रीमती प्रीति सोनी, श्रीमती एल ठाकुर का भरपूर सहयोग रहा।

### प्रतिभा सम्मान एवं मोटिवेशन कार्यक्रम ग्राम चिल्हाटी में 10 सितंबर को

**अम्बागढ़ चौकी।** प्रतिभा सम्मान एवं मोटिवेशन कार्यक्रम ग्राम चिल्हाटी के शासकीय महाविद्यालय प्रांगण में आदिवासी विकास एवं उत्थान संगठन जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी,ग्राम पंचायत चिल्हाटी, हायर सेकेण्डरी परिवार एवं समस्त ग्रामवासी चिल्हाटी के द्वारा 10 सितंबर 2023 दिन रविवार को आयोजित है।कार्यक्रम में बच्चों को सम्मान एवं मोटिवेशन करने के लिए श्री डी. आर. आचला (आईपीएस), श्री डॉ के.आर.मंडावी, श्री अर्जुन कुर्रे, चंद्रेश ठाकुर,धर्मेंद्र सारस्वत, डॉ खेमू रावटे , लखन सोरी,अरविंद गोटे, खोमन रावटे,श्रीराम कुंजाम, शंकर कोरेटी, मोरध्वज सोनवानी जी आयेगे।

# भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ कवर्धा में मनाई गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,8 सितंबर ।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी एवं कवर्धा विधायक मंत्री मोहम्मद अकबर भाई के आदेश अनुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरी राम साहू जी के नेतुत्व मे भारत जोड़ो पदयात्रा की पहली वर्षगांठ का सम्मेलन आयोजन किया गया । क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल , जिला महामंत्री मोहम्मद कलीम , कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू , शहर महिला अध्यक्ष रानू दुबे , उपाध्यक्ष रचना कोसले कृषि मंडी उपाध्यक्ष चोवा साहू , विजय पांडेय , जोन प्रभारी मणिकांत त्रिपाठी ईश्वरी प्रसाद वैष्णव , मुखीराम मरकाम द्वारिका चंद्रवंशी , शिव प्रसाद वर्मा , बलदाऊ साहू , वाल्मिकी वर्मा , टेक सिंह चंद्रवंशी , पांचू कोसरीया , पदम सेन , नारद , ईश्वरी प्रसाद वैष्णव , मुखीराम मरकाम द्वारिका चंद्रवंशी , शिव प्रसाद वर्मा , बलदाऊ साहू , वाल्मिकी वर्मा , टेक सिंह चंद्रवंशी , पांचू कोसरीया , पदम सेन , नारद , गोरेलाल चंद्रवंशी गोरेलाल चंद्रवंशी और कबीरधाम जिले के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

# कृष्ण समान पावन बन उनके जीवन-मूल्यों को करना है धारण:बीकेआशा



भिलाई, 8 सितम्बर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और उमंग उत्साह के साथ मनाया गया। प्रातः राजयोग सत्र के पश्चात भिलाई सेवा केन्द्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बताया मन संकल्प रचने वाला है बुद्धि निर्णय लेने वाली, अपने दुख देने वाले पुराने स्वभाव संस्कारों का परिवर्तन कर श्रीकृष्ण की दुनिया जहां दुख अशांति का नामोनिशान नहीं अर्थात स्व की सूक्ष्म शक्तियां मन, बुद्धि, संस्कार, संकल्प, बोल पर पूर्ण अधिकार। जितना व्यर्थ, पर चिंतन, परदर्शन उतना नुकसान स्वयं का होता है, इस श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर श्री कृष्ण समान पावन बन उनके जीवन के मूल्यों शिक्षाओं को धारण करना है। परचिंतन व्यर्थ बातों के कचरे को संग्रह कर डस्टबिन नहीं बनना है। मुरलीधर की मुरली अर्थात मधुरता, संस्कार मिलन की रास, दिव्यता, सहज, सरल, चेहरे चलन, जीवन की धारणाओं, मधुर बोल से कर्मयोगी बनना है हमें। पीस ऑडिटोरियम को बहुत ही सुंदर श्री कृष्ण की झांकियां से सजाया गया जहां पर श्री कृष्ण के जन्म को उफनती यमुना नदी में दिखाया गया है। सुंदर स्वर्णिम सतयुग का दृश्य है जहां पर श्री कृष्ण का राज दरबार लगा है। डिवाइन ग्रुप के बच्चों द्वारा बहुत सुंदर अलौकिक गोप गोपियों संग संस्कार मिलन की मधुर रास को दिखाया गया है। श्री कृष्ण को झूले में भक्तजन झूला कर आनंद विभोर हो रहे हैं । यह झांकी सर्व के निशुल्क दर्शनार्थ रविवार 10 सितंबर तक संध्या 6 से रात्रि 9ः00 बजे तक रहेगी।

### सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 10 में भी मनाया गया शिक्षक दिवस

**भिलाई।** बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 10 में भी शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (शिक्षा) श्रीमती शिखा दुबे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। श्रीमती शिखा दुबे ने अपने संबोधन में अपने स्कूल के दिनों को याद किया और कैसे उनके शिक्षकों ने उन्हें करियर चुनने में मदद की, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ था और कैसे शिक्षक छात्रों के लिए आदर्श हुआ करते थे। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और छात्रों के भविष्य को आकार देने के लिए प्रत्येक शिक्षक द्वारा किए गए ।

### ब्लास्ट फर्नेस-8 ने पार किया 13 मिलियन टन संचयी उत्पादन के मील का पत्थर

**भिलाई, 8 सितम्बर।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 (बीएफ 8) महामाया ने 7 सितंबर को हॉट मेटल (एचएम) के 13 मिलियन टन (एमटी) संचयी उत्पादन को पार करने वाला सेल में सबसे तेज इकाई बन गया है। ब्लास्ट फर्नेस-8 ने अन्य सहयोगी इकाइयों के समान क्षमता वाली भट्टी के साथ 13 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन कर सबसे तेज हॉट मेटल उत्पादन दर दर्ज की है। इस कीर्तिमान को पूरा करने में भिलाई इस्पात संयंत्र के बीएफ-8 को 2044 दिन, बीएफ 5 (आरएसपी) को 2107 दिन और बीएफ-5 (आईएसपी) को अपनी कमीशनिंग तिथि से 13 मिलियन टन एचएम उत्पादन मील के पत्थर तक पहुंचने में 2427 दिनों का समय लगा था7 ज्ञात हो कि 12 एमटी से 13 एमटी पिछले रिकॉर्ड उपलब्धि की अवधि यानी 134 दिनों की तुलना में बीएफ-8 द्वारा हासिल की गई सबसे तेज एचएम उत्पादन दर है। बीएफ-8 विकसित स्वचालन और नियंत्रण प्रणालियों के साथ भिलाई की आधुनिक ब्लास्ट फर्नेस है।

बीएफ-8 ने 26 अप्रैल 2023 को हॉट मेटल के 12 मिलियन टन (एमटी) संचयी उत्पादन को पार कर लिया था। 2 फरवरी 2018 को प्रारंभ होने के बाद से बीएफ-8 के 12 मिलियन टन तक पहुंचने की कुल संचयी संख्या 1970 दिनों की तुलना में 1910 दिन है। राउरकेला इस्पात संयंत्र की समान क्षमता की ब्लास्ट फर्नेस को चालू होने के बाद से 12 एमटी को पार करने में 2253 दिनों का समय लगा और आईआईएससीओ इस्पात संयंत्र की समान क्षमता के ब्लास्ट फर्नेस को 12 एमटी मील का पत्थर पार करने में 2253 दिनों का समय लगा।

# बीएसपी विद्यालयों में मनाया गया शिक्षक दिवस





**भिलाई, 8 सितम्बर।** डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की स्मृति में बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर 2 भिलाई और पालक शिक्षक समिति के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक अमरेश कुमार और पूर्व प्राचार्य भिलाई विद्यालय श्रीमती अनीता चाको रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती निशा सोनी ने अपने आतिथ्य भाषण में कहा कि बालक एक नन्हा पौधा है और शिक्षक उसका केवल माली है, मालिक नहीं। शिक्षक पाठशाला की उर्वर धरा पर अपने अनुभव और ज्ञान को उसे नन्हें पौधे पर सिंचित करता है ताकि वह श्रेष्ठ गुणों से युक्त विश्व कल्याण के लायक बन सके। पालक शिक्षक समिति के अध्यक्ष भूषण नाडिया ने स्वागत भाषण दिया। विशिष्ट अतिथि अमरेश कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि ईश्वरीय कृपा ज्ञान को किसी सागर, धरती या आकाश में नहीं तलाशा जा सकता है ज्ञान तो ईश्वर की प्रत्येक रचना में समाया हुआ है, इसे महसूस करने और ग्रहण करने की जरूरत है, इसका एक-एक अंश प्रकाशवान है। प्राचार्य विजय सिंह पवार ने अतिथियों का संक्षिप्त परिचय कराया। अतिथियों द्वारा श्रीफल और उपहार भेंट कर सभी शिक्षकों का अभिनंदन किया गया। अतिरिक्त वरिष्ठ व्याख्याता एस के खोब्रागढ़े ने कार्यक्रम का संचालन किया। वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती सरिता शाक्या ने आभार प्रदर्शन

### बिजली बिल पटाने के नाम पर ठगी,जुर्म दर्ज

**भिलाई,8 सितंबर।** बिजली बिल पटाने के नाम पर की गई ठगी का एक मामला सामने आया है। महाविद्यालय की प्राचार्य से 4 लाख रुपए की ठगी की है। रिपोर्ट पर सुपेला पुलिस ने मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि नेहरूनगर पश्चिम भिलाई निवासी अचर्ना झा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके मोबाइल पर विभिन्न मोबाईल नंबर के माध्यम से अज्ञात ने बिजली का बिल बकाया होने का झांसा देकर बिल अपडेट करने के लिये ऐनीडेस्क नामक ऐप को डाउनलोड कराया गया। अर्चना झा के एसबीआई खाते से 3 लाख 97 हजार 738 रुपए और पीएनबी खाते से 39,344 रुपये कुल 4 लाख 37 हजार 082 रुपए धोखाधडी कर निकाला गया। पीड़िता अर्चना झा शंकराचार्य महाविद्यालय में प्राचार्य पद में पदस्थ है। शिकायत के बाद ठगी के मामलों को ट्रेस करने में जुटी हुई है टीआई ने बताया कि पीड़िता के मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप मैसेज आया जिसमे पिछले माह का बिल नहीं चुकाया गया उल्लेख था। बिजली बिल पेड़ नहीं करने पर बिजली कनेक्शन काटने की बात भी लिखी हुई थी। तुरंत दिए गये फोन नंबर पर संपर्क किया गया। उक्त व्यक्ति स्वयं को बिजली अधिकारी बता रहा था। उसने कहा कि बिल अपडेट के लिए दो-तीन ऐप डाउनलोड भी कराया। उसी के माध्यम से पीड़िता के फोन का पुरा कंट्रोल उसके पास चला गया।इसके बाद अज्ञात ने पीड़िता का जी मेल एकाउंट को भी हैक कर लिया है इसी तरह 4,37,082 रुपये पार कर ठगी किया।

# राममय हुआ रामगढ़, भगवान श्रीराम की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

रायपुर.8 सितम्बर। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी राम वनगमन पर्यटन परिपथ में शामिल सरगुजा का रामगढ़ आज से भगवान श्रीराम को समर्पित हुआ। उप मुख्यमंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज रामगढ़ में भगवान श्री राम की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने इसके साथ ही श्री राम वाटिका, राम वनगमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत छह करोड़ 76 लाख रुपए की लागत के टूरिस्ट इनफॉर्मेशन सेंटर, पब्लिक अप्रोच रोड डेव्हलपमेंट, कॉटेज व डॉरमेट्री सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने इस मौके पर वहां श्री राम वाटिका में सप्तसुर का पौधा रोपित किया।



उप मुख्यमंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़, खासकर सरगुजा संभाग प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण है। राम वनगमन पर्यटन परिपथ की परिकल्पना के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए श्री सिंहदेव ने कहा कि बेहतर राज्य और जन हित के लिए हमारी जो परिकल्पना थी, उसमें रोजगार और विकास के अवसर के साथ ही पर्यटन में रोजगार के अवसर निकालने पर भी विचार किया गया जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। आज भगवान राम की प्रतिमा को देख कर हम उनका स्मरण कर रहे हैं। प्रयास है कि जल्द ही यहां दरबार का स्वरूप भी दें।

श्री सिंहदेव ने कहा कि पूरे क्षेत्र में रामायण से जुड़ी कथाएं प्रचलित हैं। बाहर के पर्यटकों को भी यहां लाया जा सके, इसके लिए निरंतर सुगम आवागमन तैयार किया जा रहा है। शुभ अवसर पर काम करें तो निश्चित सफलता प्राप्त होगी। राम जी यहां स्थापित हो गए हैं, अब उनकी कृपा से सरगुजा को एक नई पहचान मिलेगी। सरगुजा में सीताबेंगरा, सीता चूल्हा सहित अनेक ऐतिहासिक व आस्था केंद्र हैं। इनके विकास के लिए लगातार हमारी सरकार काम कर रही है। अब रामगढ़ पहाड़ी में जाना आसान हो गया है। सरकार ने बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सुविधाएं भी बढ़ाई हैं।

खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने कार्यक्रम में कहा कि भगवान श्रीराम के 14 बरस के वनवास काल के दौरान रामगढ़ में उनके चरण कमल पड़े, जो पूरे सरगुजा के लिए सौभाग्य की बात है। रामायण के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अपने वनवास के दौरान प्रभु श्री राम का आदिवासी जनों से करीबी संबंध रहा। भारत सहित पूरे विश्व में माता कौशल्या मन्दिर कहीं बना है तो वह छत्तीसगढ़ के चंदखुरी में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी राम वनगमन पर्यटन परिपथ योजना ने छत्तीसगढ़ को धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के मानचित्र में अमिट पहचान दी है। लुण्ड्रा के विधायक डॉ. प्रीतम राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पावन स्थली रामगढ़ में आज विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया गया है। राम वनगमन पथ शासन की महत्वाकांक्षी योजना है जो सरगुजा में पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## एक नजर

### सालेम स्कूल में लगेगी जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी

रायपुर 8 सितंबर। भारतीय डाक विभाग, रायपुर द्वारा सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल, रायपुर में 12 एवं 13 सितम्बर, 2023 को जिलास्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है । डाक टिकट प्रदर्शनी,डाक टिकटों और डाक इतिहास की एक प्रदर्शनी है, जहाँ डाक टिकट संग्रहकर्ता पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। प्रदर्शनी में डाक टिकटों को कांच के फ्रेम में दिखाया जाता है । प्रदर्शनी के साथ ही आमतौर पर डाक टिकट संग्रहकर्ताओं और पोस्ट ऑफिस के स्टैंड्स होते हैं, जहां पर टिकट और अन्य डाक संग्रह खरीदे जा सकते हैं।

### जिले में नवाचारी कार्य के लिए मिला रवि को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान




अंवरी 8 सितंबर। शिक्षक दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्य करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था रोटरी इनर व्हील क्लब धमतरी द्वारा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। यह सम्मान ऐसे शिक्षकों को दिया गया जिसमें पढ़ाई को रोचक और मजेदार बनाने के लिए नित नए नवाचारों और गतिविधियों को अपने क्लासरूम में अपनाया । शासकीय माध्यमिक शाला भठेली संकुल भखारा के ऐसे ही शिक्षक रवि ठाकुर का भी नाम उन शिक्षकों में शामिल है जो शिक्षा में आधुनिक संचार साधनों के प्रयोग और नित नए नवाचार से शिक्षा को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे है। शिक्षक रवि ठाकुर अपने विद्यालय में बच्चो के सर्वांगीण विकास हेतु उनके अभिव्यक्ति कौशल विकास, अनुशासन और उनके शारीरिक और मानसिक विकास हेतु अनेको कार्य कर रहे है। जिसमे प्रार्थना स्थल में देश दुनिया से सम्बंधित समाचार वाचन, सुविचार, सामान्य ज्ञान से संबंधित बातें, पढ़ाई में आई सी टी, इंटरनेट और प्रोजेक्टर का प्रयोग, विभिन्न शिक्षण सहायक सामग्री और गतिविधि आधारित शिक्षा प्रयोग कर बच्चों के मन से पढ़ाई का भय दूर कर रहे है। धमतरी में आयोजित उक्त कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी ब्रजेश वाजपेई के द्वारा शिक्षक को यह सम्मान दिया गया। इसके पहले भी शिक्षक रवि ठाकुर को उनके नवाचार शिक्षा के लिए 2022-23 में राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा समूह भारत द्वारा प्रमुख शिक्षा सचिव आलोक शुक्ला के हांथो नवाचार शिक्षा रत्न सम्मान प्राप्त हो चुका है।उनके इस उपलब्धि पर संकुल नोडल प्राचार्य, संकुल समन्वयक विद्यालय परिवार, शिक्षक साथियों, सामाजिक संगठनों, मित्र व शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए शुभकामनाये दी।

### मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन से गौठानों में नियमित रूप से पशु चिकित्सा सेवाएं होगी उपलब्ध

राजनांदगांव 8 सितम्बर। सुराजी गांव योजना अंतर्गत गौठानों में पशु चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए शासन द्वारा जिले में मोबाईल पशु चिकित्सा वाहन प्रारंभ किया गया है। जिसमें गौठानों में नियमित रूप से पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होगी। सुराजी गांव योजना ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। इस पहल से पशुधन सेवा के माध्यम से कृषि क्षेत्र से जुड़े पशुपालन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्थापित गौठानों एवं गौठान ग्रामों में पशु चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए मोबाईल पशु चिकित्सा वाहन का शुभारंभ किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गौठान व गौठान ग्रामों में नियमित पशु चिकित्सा रोग जांच, प्रतिबंधात्मक टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से नस्ल सुधार के साथ-साथ रोग को नियंत्रित करना है। साथ ही विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार तथा विभागीय योजनाओं के बारे में जागरूक करना है। ग्राम गोपालपुर के हितग्राही श्री उभयराम वर्मा ने बताया कि उनके गांव में मोबाईल पशु चिकित्सा वाहन आया है। जिसमें कमजोर एवं बीमार पशुओं का इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर द्वारा कृमिनाशक इंजेक्शन एवं दवाईयां दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन की यह योजना अच्छी है और पशुपालकों के लिए लाभदायक है। इसके लिए उन्होंने शासन का आभार व्यक्त किया। पशु चिकित्सा सेवा डॉक्टर श्री एसआर रावटे ने कहा कि मोबाईल यूनिट से अच्छी सुविधा मिल रही है, जिससे गौठानों में बीमार पशुओं के इलाज की त्वरित सुविधा मिली है। पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान, रक्त जांच, कमजोर पशुओं का इलाज किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को बहुत फायदा मिल रहा है। पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राजनादगांव जिले में 4 मोबाईल वाहन, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले में 3 मोबाईल वाहन तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 2 मोबाईल वाहन कुल 9 मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई वाहन संचालित है। सर्वसुविधायुक्त मोबाईल पशु चिकित्सा वाहन में एक पशु चिकित्सक, एक पैरावेट तथा एक वाहन चालक व सहायक होते हैं।

# जनपद सदस्य ने मीडियाकर्मी को जान से मारने की दी धमकी,एसडीओपी से शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 8 सितंबर। भाजपा नेता व जनपद सदस्य कचरू हिरवानी ने ग्राम अछोली के मीडियाकर्मी को जान से मारनें की धमकी दी है। जिसकी शिकायत मीडिया कर्मियों ने डोंगरगढ़ एसडीओपी से की। मीडियाकर्मी जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि जनपद सदस्य कचरू हिरवानी के पुत्र योगेश के साथ चार लोगों ने रेलवे में नौकरी लगानें के नाम पर साढ़े 18 लाख रुपये की ठगी की है। जिसकी खबर अखबारों व चैनलों में प्रसारित हुई है। एक आरोपी के पकड़े जानें के बाद डोंगरगढ़ पुलिस ने प्रेस कांफ्रेंस करतें हुए खुलासा किया। लेकिन गुरूवार को आवेश में आकर कचरू ने मीडियकर्मी का रास्ता रोक लिया और धमकातें हुए खबरों में



उसके पद को लिखनें का विरोध करनें लगा।

दोनों के बीच काफी बहसबाजी हुई। आवेश में जनपद सदस्य ने मीडियाकर्मी को जान से मारनें की धमकी देतें हुए देख लेनें की बात कही। मामलें की शिकायत लेकर जब डोंगरगढ़ शहर के मीडियाकर्मी थाना प्रभारी रामअवतार ध्रुव के पास पहुंचे तो उन्होंनें किसी भी आवेदन लेनें से पहलें तो इंकार कर दिया और जनपद सदस्य का पक्ष लेनें लगें। टीआई के रवैये से नाराज मीडियाकर्मी एसडीओपी प्रभात पटेल से शिकायत करनें पहुंच गए। उन्होंनें जनपद सदस्य द्वारा दी गई धमकी व टीआई की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जतातें हुए शिकायत करतें हुए कार्रवाई की मांग की। एसडीओपी पटेल ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। मीडियाकर्मियों ने कहा कि पहलें जनपद सदस्य द्वारा जान से मारनें की धमकी देना और इसकी शिकायत थाना प्रभारी से करनें के बाद कार्रवाई में हील हवाला करना उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। इससे मीडिया कर्मियों में नाराजगी है। एसडीओपी को शिकायत करनें के दौरान पीड़ित जितेंद्र गुप्ता, प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़ के अध्यक्ष उत्तम समुंद्रे, सचिव खूबचंद चौधरी, मीडिया कर्मी अभिषेक सिंह, प्रमोद शुक्ला, ऋषि शर्मा, अंबरीश टांडिया, अकील खान, अभिलाष देवांगन, किशोर परमार, कामेश साहू सहित अन्य मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

### कांग्रेसजनों ने भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ मनाई



डोंगरगढ़ 8 सितंबर। प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक की गई 3600 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा के 1 वर्ष पूर्ण होने पर आजाद चौक गोल बाजार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गोल बाजार भ्रमण किया गया। इस अवसर पर विधायक भुवनेश्वर बघेल ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने देश में फैल रहे नफरत और भेदभाव की भावना को मिटाने के लिए विगत वर्ष 36 सौ किलोमीटर की पदयात्रा कर देश में मोहब्बत की दुकान खोल आपसी प्रेम भाईचारा एवं सौहार्द की भावना जन जन तक पहुंचाया। इस दौरान पीसीसी महामंत्री डॉ थानेश्वर पटिला पीसीसी संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गोमास्ता संध्या देशपांडे नलिनी मेश्राम अनिल मेश्राम प्रमोद टेंभुर्णिकर रिमी भाटिया हरीश भंडारी जितेंद्र भाटिया भारत भूषण मेश्राम धन्नालाल गणवीर बशीर भाई किरण मेश्राम संजय यादव रूपचंद खोबरागड़े गणपत रजक गणेश मुदलियार मतीन खान गणेश साहू अकिल कुरैशी पप्पू भाटिया नरेश करसे वीरेंद्र पाल दुलीचंद बडोले अम्बरीश टांडिया मनोज रजक चेतन देवांगन बिंदाबाई राजकुमार उके प्रवेश मेश्राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस उपस्थित रहे।

# लोहारपथरा में श्रीकृष्ण,कर्मा माता की प्रतिमा और कला मंच का लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

अंवरी 8 सितंबर। श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पावन अवसर पर कुरूद विधानसभा के ग्राम लोहारपथरा मे श्री कृष्ण भगवान एवं मां कर्मा की मूर्ति स्थापना तथा कला मंच का लोकार्पण समारोह हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू शामिल हुए तथा समाजजनों एवं ग्रामवासों को बधाई दी7 अपने उद्बोधन में कहा ग्राम लोहारपथरा एक से छोटे गांव जहां साहू समाज के 22 से 25 परिवार निवास करते हैं वहां समाज जनों की सहयोग से मां कर्मा एवं कृष्ण भगवान की मूर्ति स्थापना करना तथा शासकीय मद से कला मंच का निर्माण बहुत ही गौरव की बात है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत कुरूद के अध्यक्ष शारदा देवी साहू, जिला पंचायत सभापति श्रीमती तारिणी चंद्राकर ,नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर सभी अतिथियों ने भी उन्होंने भी अपने उद्बोधन में क्षेत्रवासियों को सभी समाज जनों ने समाज की एकता की बात कही एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप नीलमणि साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष साहू समाज, हंस कुमारी फलेंद्र सिंह जनपद सदस्य,अशोक साहू पूर्व जि.पं सदस्य, गणेश राम साहू जिला पटेल संघ अध्यक्ष,योगेश्वरी ध्रुव,दूलेश्वर साहू पूर्व सरपंच,देवव्रत साहू,चेतन लाल साहू,डोमार साहू ,दसरू राम,नंदकुमार साहू साहू, नंद कुमार यादव,संतराम ध्रुव,ईश्वर ध्रुव,राजा बंजारे,सोनित बंजारे,रोहित सोनवानी,राम नारायण नागरची,नंद कुमार साहू,रामप्रसाद साहू इरा,ढालसिंह नेटी, उत्तम सिंह,रमेश गुरूजी, रेखराम साहू,पारस,पुनाराद,धनुष राम,फूल सिंह साहू,यशवंत गुरु,एवं बड़ी संख्या में साहू समाज एवं ग्रामवासीजन उपस्थित रहे।



# अंधे कत्ल के मामले में मंलग यादव को आजीवन कारावास

डोंगरगढ़ / बोरतलाव 8 सितंबर। एक अंधे कत्ल के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। 25 नवम्बर 2021 को प्रातः प्रार्थिया श्रीमती सतुराबाई वर्मा निवासी पीपरखारकला थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके पति बालकिशन वर्मा जो बकरी चराने, पालने का काम करते थे। उनसे गांव के ही मंगल यादव से पैसा लेना बकाया था इसी दौरान दिनांक 25.11.2021 को प्रातः 07:00 बजे प्रार्थिया के पति का शव मंगल यादव के घर में मृत अवस्था में मिलने की सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गई। उक्त रिपोर्ट पर तात्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक अब्दुल समीर एवं पुलिस टीम द्वारा त्वरित वैधानिक कार्यवाही करते हुये मौके पहुंचकर घटना स्थल का निरीकक्षण, साक्ष्य संग्रहण, शव पंचनामा, आहत एवं गवाहों से विस्तृत पूछताछ के दौरान परिस्थिति जन्य साक्ष्यों के आधार पर मृतक बालकिशन वर्मा को गांव के ही मंगल यादव द्वारा घटना किया जाना ज्ञात हुआ जिस पर शीघ्र ही पूर्व आदतन अपराधी मंगल यादव को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया एवं पूछताछ करने पर अपना गुनाह कबूल करते हुए पूर्व के बकाया 9000/- देनदारी के लिए मंगल यादव बहस हो जाने पर धारदार टंगिया से मारकर फरार होना बताया। आरोपी को हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार टंगिया जिसे घटना कारितकर आरोपी द्वारा छूपा दिया गया था, उसे मेमोरण्डम साक्ष्य में बरामद किया गया एवं आरोपी को रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जिसके पश्चात शीघ्र शेष विवेचना क्रम पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय में दिनांक 27 दिसम्बर 2021 को चालान तैयार कर प्रस्तुत किया गया, जिसमें न्यायालय द्वारा पुलिस द्वारा प्रस्तुत चालान के आधार पर गवाहों के बयान, परिस्थिति जन्य साक्ष्य के आधार पर शासकीय अपर लोक अभियोजक अशोक लिल्हारे के प्रस्तुति पर तात्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक अब्दुल समीर एवं पुलिस टीम द्वारा किये गये विवेचनाक्रम के अनुरूप आरोपी को हत्या करने के आरोप में दोषी पाते हुए, माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 10 अगस्त 2023 को निर्णय पारित करते हुए आरोपी मंगल यादव उम्र 49 वर्ष, निवासी पीपरखारकला, थाना बोरतलाव को धारा 302 भादवि के तहत आजीवन कारावास एवं 1000/- रू के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### सनातन जागृति ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन



डोंगरगढ़ 8 सितंबर। धर्मनगरी डोंगरगढ़ के सक्रिय हिन्दू संगठन सनातन जागृति सेवा संस्थान के सदस्यों के द्वारा भारत के महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम डोंगरगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के स्टालिन के बेटे उदयनिधी स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू मलेरिया और कोरोना से की है, मुख्यमंत्री के पुत्र का बयान उनके मानसिक दिवालियेपन का परिचायक है उनके घटिया बयान से समस्त सनातन धर्मावलम्बियों की भावनाओं को आघात पहुँचा है। डोंगरगढ़ की धर्मजागरण में अग्रणी संस्था सनातन जागृति सेवा संस्थान ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप उक्त व्यक्ति पर कठोर से कठोर कार्यवाही करने की माँग की है। इस अवसर पर सनातन जागृति के बालमुकुंद तराने, राजेश साहु, संजय जंघेल, चांद महानंद, दिलीप सेन, राजवीर कोचे, गितेश मालेकर, दुर्गेश सिन्हा, गोपाल जंघेल, हेमंत मंडावी, नागेश हिरोंदिया, मुकेश साहु, घनाराम साहु, लक्ष्मी नारायण पांडे, विनोद दखने, राम यदु, बीजेपी नेता अनिल पांडेय, विश्व हिन्दू परिषद के तरूण हथेल, रिषभ डकहा, हनुमान भक्त समिति के हनी गुप्ता एवं सर्व समाज के हिन्दू साथी मौजूद रहे।

# लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ 8 सितंबर को मंत्रालय का घेराव करेगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 8 सितंबर। ज्ञात हो कि सात सूत्री मांगों को लेकर के दिनांक 22 अगस्त को कर्मचारी संघ के द्वारा राज्य के सभी जिला मुख्यालय में विशाल धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन दिया गया था ज्ञापन में सात सूत्री मांगे जिसमें दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को रिक्त पद के विरुद्ध नियमित करण करना कार्यभारित कर्मचारियों का नियमित स्थापना में संविलियन ग्रेड वेतन विसंगति की मांग समय मान वेतन सहित अन्य साथ सूत्री मांगों को लेकर के कर्मचारी संघ ने पूर्व में भी ज्ञापन दिया था दिनांक 10 दिसंबर 2021 को इन्हीं 7 मांगों को लेकर के मंत्रालय का घेराव किया गया था जिसमें शासन पक्ष से सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव एवं अन्य विभागों के सचिव की अध्यक्षता में कर्मचारी संघ प्रतिनिधियों की बैठक आहूत कर निराकरण करने का आश्वासन दिया गया था इसी तारतम्य में दिनांक 20 दिसंबर 2021 को सामान्य प्रशासन विभाग ने पत्र जारी कर समस्त शासन के विभाग प्रमुख अधिकारियों को कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ राज्य परामर्श शास्त्री समिति गठित कर उनकी समस्याओं को दूर करने का



आदेश जारी किया है किंतु दो वर्ष से अधिक का समय बीत गया इस आदेश पर कोई अमल नहीं हुआ था कर्मचारी पुन मांगों को लेकर दिनांक 8 सितंबर को मंत्रालय का घेराव करेंगे मंत्रालय का घेराव करने के लिए नया रायपुर धरना स्थल तुता मैदान में प्रशासन के द्वारा जगह प्रदान की गई है तो सभी साथियों से अनुरोध है कि तुता में सुबह 10:00 बजे पहुंच कर 2:00 बजे तक आम सभा के पश्चात मंत्रालय का घेराव के लिए निकलेंगे प्रदर्शन जब तक जारी रहेगा जब तक की शासन के द्वारा कोई समाधान ना निकल जाए।

मंत्रालय घेराव के पूर्व कर्मचारी संघ प्रतिनिधि मंडल ने रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर की अगुवाई में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव से एक दौर की चर्चा की है किंतु चर्चा में आम सहमति नहीं बन पाने के कारण संघ बाध्य होकर घेराव करना पड़ रहा है तथा संगठन के साथी चाहते हैं कि सरकार हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर आदेश जारी करें क्योंकि जान घोषणा पत्र 2018 में कांग्रेस पार्टी के द्वारा घोषणा पत्र में कर्मचारियों को नियमितकरण करने का वादा किया गया था अब कर्मचारियों का कहना है कि सरकार उस वादे को पूरा करें अभी साथियों से अपील है कि मंत्रालय घेराव कार्यक्रम में क अधिक संख्या में उपस्थिति देने का कष्ट करें।

### राष्ट्रीय परिवार सहायता से 4.60 लाख रुपये स्वीकृत



अंवरी 8 सितंबर। जनपद पंचायत कुरूद में जानसिंग यादव उपाध्यक्ष एवं सभापति शिक्षा स्थायी समिति की अध्यक्षता में बैठक रखकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत गरीब रेखा वर्ष 2002-2003 सर्वे सूची में पात्र 23 परिवार का नाम चयन कर कुल राशि - 4.60 लाख रुपये स्वीकृत में प्रत्येक परिवार को राशि- 20 - 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के लिए स्वीकृत किया गया?। बैठक में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन में 37 पात्र व्यक्ति का नाम चयन कर अनुमोदित किया गया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना में 17 पात्र व्यक्ति का नाम का चयन कर अनुमोदित किया गया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन में 22 व्यक्ति को पात्र किया गया । मुख्यमंत्री परित्यकता पेंशन में 17 आवेदन का अनुमोदन किया गया । मुख्यमंत्री विधवा पेंशन योजना में 220 पात्र व्यक्ति का नाम चयन कर अनुमोदन किया गया?। मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना में 461 पात्र व्यक्ति के नाम का चयन कर अनुमोदन किया गया । सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 8 पात्र आवेदन का अनुमोदन किया गया। सुख सहारा पेंशन योजना में 1 पात्र व्यक्ति का नाम चयन कर अनुमोदन किया गया। इस प्रकार सभी आवेदनों का परिक्षण कर पात्र व्यक्तियों का नाम चयन कर पेंशन प्रकरण को स्वीकृति प्रदान किया गया। स्वीकृत पेंशनधारियों को अब प्रति माह राशि- 500 रूपये मिलने लगेगी।

### भखारा में मनाया गया शिक्षक दिवस

अंवरी 8 सितंबर। छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉक्टर एस के साहू छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के प्राध्यापक गण एम एस साहू, आनंद सेन , सुनील साहू , नेहा साहू, आमेश्वरी ढीढ़ी, जोशी मैडम, कार्यालय सहायक सोमेश्वर मौर्य वंशी राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री टी के साहू उपस्थित रहे7 साथ ही साथ संस्था प्रमुख डॉ एस के साहू ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला बिना गुरु कोई अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पा सकते इसलिए जीवन में गुरु का होना बहुत ही आवश्यक कार्यक्रम का शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के गीत गाकर प्रारंभ किया गया कार्यक्रम का संचालन छात्र डिकेश्वर साहू ने किया इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राए मुकेश्वरी, रेखा, दिव्या, ज्योति, वेद, रिचा, ज्योति, मुकेश कुमार,ललित कुमार, उमेश कुमार, हरिहरनाथ, उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# अयोध्या की पवित्र मिट्टी से आकार ले रही माता कौशल्या की मूर्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर 8 सितंबर। पहली बार माता कौशल्या तीजा मनाने के लिए अपनी मायके चंदखुरी आ रही है, जिसे तीजा लिहवाने छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर एवं नरेंद्र यादव अयोध्या गए थे। सरयू नदी में स्नान कर चक्रवर्ती महाराजा दशरथ महल गए। एवं राजा दशरथ जी से प्रार्थना किया कि हम अपनी बहन कौशल्या जी को तीजा लिहवाने आए हैं आपसे प्रार्थना है हमारी बहन को उनके मायके चांदखुरी छत्तीसगढ़ ले जाएंगे। महाराजा दशरथ जी से आज्ञा प्राप्त कर वहां के पुजारी भगवान दास जी ने विधि विधान पूर्वक पवित्र मिट्टी प्रदान किए जिसे लेकर



कलाकार रायपुर आए रायपुर रेलवे स्टेशन में चित्रोत्पला लोक कला परिषद रायपुर के निदेशक एवं कार्यक्रम के संयोजक राकेश तिवारी, संस्कृतिकर्मी अशोक तिवारी तथा कलाकार बिरादरी द्वारा भव्य स्वागत, पूजा, अर्चना किया गया। ? इसके पश्चात मूर्तिकार पीलू राम साहू को कौशल्या माता की प्रतिमा बनाने निवेदन किये। मां कौशल्या की प्रतिमा आकर ले रही है, माता की गोद में भगवान राम बाल रूप में विराजमान है प्रतिमा को मूर्तिकार तैयार कर रहे हैं अब रंग भरा जाएगा। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक कलाकार एवं आयोजक राकेश तिवारी ने मूर्ति निर्माण की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया की माता कौशल्या की प्रतिमा आकर ले रही है अब उसमें रंग भरा जाएगा मूर्ति को छत्तीसगढ़ी वेशभूषा और आभूषण से पारंपरिक रूप देते हुए सजाया जाएगा।

माता कौशल्या कोष्टऊंहा लुगरा पहनेंगी, और और आभूषण में ककनी, नागमोरी, सुर्रा, सूता, करधन, पहुंची, कड़ा, आदि धारण करेंगी। अयोध्या से लाई गई पवित्र मिट्टी से जो मूर्ति बनाई जा रही है वह अब स्वरूप ले रही है मूर्ति बना रहे प्रसिद्ध मूर्तिकार पीलू राम साहू के पास कौशल्या माता संग तीजा तिहार कार्यक्रम के संयोजक एवं चित्रोत्पला लोक कला परिषद के निदेशक राकेश तिवारी के साथ संस्कृतिविद अशोक तिवारी एवं सहसंयोजक वरिष्ठ लोक कलाकार डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने ग्राम निमोरा जाकर मूर्तिकार पीलू राम साहू से भेंट कर मूर्ति निर्माण की प्रगति की जानकारी ली साथ ही उनके प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतिमा तैयार होने के पश्चात 15 सितंबर को चंदखुरी की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका प्रभा यादव के घर बिराजेगी मां कौशल्या। इस तरह का एतिहासिक आयोजन छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार हो रहा है।

संपादकीय

# विशेष संसद सत्र बुलाया इसलिए

मोदी सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाया है तो किसलिए बुलाया है, इस पर पिछले कई दिनों से विपक्ष व मीडिया माथापच्ची कर रहा था, सब तरह तरह के अनुमान लगा रहे थे कि सरकार पांच दिन में कौन कौन सा विधेयक लाने वाली है। सबने जितने विधेयक सरकार लाने वाली है, सबका नाम ले लिया। विपक्ष के कई नेताओं ने तो इस बात के लिए मोदी सरकार की आलाचना की कि वह हिंदू व हिंदुत्व की बात करती है लेकिन हिंदुओं के गणेशोत्सव जैसे अवसर पर संसद का विशेष सत्र बुलाती है,वह भी एक दो दिन नहीं, पांच दिन का विशेष संसद सत्र। संसद का विशेष सत्र अब तक तो एक दो दिन का बुलाया गया है और विधेयक ही पारित किए गए हैं। पिछली बार मोदी सरकार ने जीएसटी के लिए विशेष सत्र बुलाया था। उसके बाद पिछले नौ साल में कभी संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया था, इसलिए जब मोदी सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाया और वह भी पांच दिन के लिए तो किसी को समझ नहीं आया कि  संसद का विशेष सत्र पांच दिन के लिए क्यों बुलाया गया है। बुधवार को इस बात का खुलासा हुआ है संसद का विशेष सत्र इसलिए बुलाया गया है ताकि पुराने संसद भवन को विदा कर नए भवन संसद का कामकाज शुरू किया जाए। इसके लिए गणेश चतुर्थी से ज्यादा शुभ अवसर कोई हो नहीं सकता, इसलिए संसद का विशेष सत्र 18 सिंतबर को बुलाया गया है। 18 सिंतबर को पुराने संसद में बैठक होगी। इसमें संसद में किए गए कार्यों को याद किया जाएगा। इस संसद की विशेष गतिविधियों को याद किया जाएगा। पुरानी संसद से जुड़े कई कामों को, लोगों का याद किया जाएगा। दूसरे दिन यानी गणेश चतुर्थी को नए संसद भवन में कामकाज शुरू किया जाएगा। यह तो दो दिन का हिसाब हुआ। विपक्ष सहित मीडिया के लिए यह बात अभी भी रहस्य है कि बाकी तीन दिन सरकार क्या करने वाली है। सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर मांग की है कि संसद के विशेष सत्र में इन नौ मुद्दों पर चर्चा कराई जाए। पत्र में इस बात की शिकायत की गई है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया गया और विपक्ष को विश्वास में नहीं लिया गया। इस पर संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने जवाब दिया है कि संसद का विशेष सत्र बुलाने का अधिकार सरकार है तथा जहां तक संसद सदस्यों को एजेड़ा बताने की बात है तो नियमानुसार संसद सत्र के एक दिन पहले संसद सदस्यों को बता दिया जाएगा। विपक्ष ने संसद के विशेष सत्र के लिए बैठक कर रणनीति बना ली है। कोई बड़ा काम करना होता है तो मोदी सरकार की यह तरीका है कि उसकी खबर वह किसी को लगने नहीं देती है, वह आखिरी तक यह पता नहीं चलने देती है कि वह क्या करने वाली है। ऐसा वह कई बार कर चुकी है, इसलिए जब भी मोदी सरकार ऐसा कुछ करने का संकेत देती है तो विपक्ष व मीडिया खूब अटकले लगाता है यह पता करने के लिए मोदी सरकार क्या कर सकती है लेकिन अभी तक तो विपक्ष व मीडिया मोदी सरकार के किसी बड़े काम के बारे में कोई सटीक अनुमान नहीं लगा सका है। विपक्ष के नेता इसे तानाशाही कहते हैं, हिटलरशाही कहते हैं। मोदी का अहंकरा कहते हैं। इससे मोदी को कोई फर्क नहीं पड़ता है। वह कुछ कहते नही है, वह करके दिखाते हैं। जिसे पिछली सरकारों में कोई सरकार नहीं कर सकी,वह तमाम काम मोदी सरकार ने करके दिखाया है। वह जो काम करने को ठान लेती है, उसे कैसे पूरा करना है, यह वह जानती है और पूरा करके ही दम लेती है। उसने कहा था कि देश में गुलामी के जो प्रतीक है, निशानियां है, सरकार उसे समाप्त कर देगी। कई काम वह ऐसा कर चुकी है, नए संसद में काम शुरू होने के बाद देश गुलामी के एक और प्रतीक से मुक्त हो चुका होगा। यह भी मोदी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है।

## आज का राशिफल

मेष राशिःआज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है। काम करने में कुछ चुनौतियां आएंगी लेकिन आप किसी कलीग की मदद से पूरा कर लेंगे। आप अपने मन की कोई बात माता जी से शेयर करेंगे, जिससे आपके आपको रिलेक्स महसूस करेंगे। लवमेट्स की फोन पर देर तक बात होगी। ग्रॉसरी का नया व्यापार शुरू किए लोगों का काम अच्छा चलने लगेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृष राशिःआज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको संतान की तरफ से कोई खुशखबरी मिलेगी। साथ ही आप उनके करियर को और बेहतर बनाने के लिए गुरु विचार विमर्श करेंगे। आप अपना कोई पुराना लेनदेन चुकता कर देंगे आपको राहत मिलेगी। जॉब की तलाश कर रहे लोगों की तलाश पूरी होगी, अच्छी जगह से जॉब का प्रस्ताव आएगा। नवविवाहित जीवनसाथी आज आपकी मनपसंद डिश बनाएंगे। कान से सम्बंधित समस्या के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे।

मिथुन राशिःआज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपको धैर्य से काम करने की जरूरत है कुछ लोग आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आपकी बुधिमत्ता के आगे उनका कोई जोर नहीं चलेगा। लवमेट्स आज डिनर के लिए बाहर जा सकते हैं, एक दूसरे पर विश्वास बढ़ेगा। स्टूडेंट्स के करियर में आ रही रुकावटों का आज समाधान मिल सकता है। कार्यस्थल पर अपनी काबिलियत दिखाने का आज अच्छा मौका है। शिक्षकों का ट्रान्सफर उनके मनपसंद क्षेत्र में होगा।

कर्क राशिःआज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपके बिजनेस में किए गए बदलाव से आपको अच्छी इनकम होगी। आपको उधार के लेन-देन को अवॉयड करने की जरूरत है। आपकी किसी बात से आपके जीवनसाथी बहुत प्रसन्न रहेंगे। किसी से बात करते समय आपको सोच-समझ कर  बोलने की आवश्यकता है। आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। लवमेट्स से किया हुआ कोई वायदा आज पूरा करेंगे इससे रिश्तों में मिठास बढ़ेगी।

सिंह राशिःआज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपको जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में जीत मिलेगी, घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा। अपने ईगो को छोड़कर दूसरों की सलाह पर अमल करने की जरूरत है। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन बेहद अच्छा रहेगा, किसी डील को फाइनल करेंगे। दाम्पत्य जीवन में सौहार्द बना रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। ऑफिस के रुके हुए कार्यों को समय से पूरा कर लेंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में आपकी रुचि बढ़ेगी। राजनीति में आपके अच्छे कार्यों की तारीफ़ होगी।

कन्या राशिःआज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आपको इनकम का नया सोर्स मिलेगा लेकिन साथ ही आपके खर्चों में भी बढ़ोत्तरी हो सकती है। कहीं जाते समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आगे चलकर आपकी अच्छी दोस्ती हो सकती है। आपके परिवार में चल रही समस्या का समाधान मिलेगा। आप कोई पार्ट-टाइम काम शुरू कर सकते हैं। आप अपने करियर के बारे में सोच-विचार करेंगे, किसी अनुभवी से सलाह भी ले सकते हैं।

तुला राशिःआज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। ससुराल पक्ष से कोई खुशखबरी मिल सकती है, जिससे पूरे दिन आपके चेहरे पर मुस्कान बनी रहेगी। आपकी मेहनत करने की क्षमता को देखकर माता-पिता आप पर गर्व महसूस करेंगे। काफी समय से एक ही जगह पर कार्य कर रहे लोगों की सैलरी में इंक्रीमेंट होगा। किसी ख़ास रिश्तेदार के आगमन से घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। सोशल मीडिया पर आपका ज्यादा समय व्यतीत होगा। कला और आर्ट्स से जुड़े लोगों के प्रतिभा में निखार आएगा।

वृश्चिक राशिःआज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आप किसी मित्र की उपलब्धियों का जश्न मनाएंगे। किसी कोर्ट केस में जीत हासिल होने से पूरे दिन आप प्रसन्न रहेंगे। घर में डेकोरेशन का काम करवाने का विचार बनाएंगे, जीवनसाथी से राय लेंगे। बिजनेसमैन आज आप किसी बड़े प्रोडक्ट की फ्रेचाइजी लेने का मन बनाएंगे। स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या से आज खुद को फिट महसूस करेंगे। दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा। जॉब के लिए प्रयासरत लोगों को अपनी मेहनत जारी रखने की जरूरत है।

धनु राशिःआज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप बेवजह की भाग-दौड़ को अवॉयड करेंगे और अपने काम को पूरी एकाग्रता से करेंगे। घर में बेटी की बड़ी तरक्की से परिवार का माहौल ख़ुशी से भरा रहेगा। किसी भी परिस्थिति में अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। बिजनेस में कई तरह की गतिविधियों पर काम शुरू होगा, मेहनत के मुताबिक जल्द ही बढ़िया नतीजे भी मिलेंगे। किसी बड़े अधिकारी से अपनी बात कहने का अच्छा मौका है।

मकर राशिःआज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। ऑफिस में स्टाफ के साथ अच्छे व्यवहार बना कर रखें, जिससे किसी जरूरी काम में आपको हर संभव मदद मिलती रहे। परिवार में किसी नन्हे मेहमान के आने से ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। लवमेट्स अपने रिश्ते की बात घरवालों से साझा करेंगे, घरवाले आपके रिश्ते की बात को आगे बढ़ाएंगे। स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आपको आज छुटकारा मिलेगा। आज के दिन आपको अलग-अलग रास्तों से फायदा मिलने की उम्मीद है। ट्रांसपोर्ट का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।

कुंभ राशिःआज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बना हुआ है। कामकाज में आज आपको गोपनीयता बनाकर रखने की जरूरत है। परिवारवालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। भाग्य का सहयोग मिलेगा। आपके व्यापार में वृद्धि के योग बनेंगे। लवमेट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशिःआज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है।  किसी रिश्तेदार के आने से आपकी डेली रूटीन में कुछ बदलाव हो सकता है लेकिन साथ ही घरवालों में उल्लास भी बना रहेगा। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने परपॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। लवमेट्स आज आपको रिंग गिफ्ट कर सकते हैं। इससे दोनों के रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपके व्यापार में अच्छी प्रगति के योग हैं। काम की वजह से आपकी व्यस्तता ज्यादा रहेगी।

# किस की शह पर जहर उगल रहे हैं स्टालिन और राजा?

चर्चित मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल



डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन और ए राजा किसकी शह पर जहर उगल रहे हैं? कांग्रेस के नेतृत्व में बने विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए में शामिल राजनीतिक दल डीएमके के नेता एवं तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने जिस तरह सनातन हिंदू धर्म के प्रति जहरीला भड़काऊ भाषण किया है, वह घोर आपत्तिजनक है। यह हिंदू धर्म के सनातनी अनुयायियों की घोर सहनशीलता व सहिष्णुता है कि उन्होंने केवल शब्दों से निंदा या पलटवार किया है। यदि उदयनिधि स्टालिन ने इस तरह की बातें किसी अन्य धर्म मजहब पंथ ईसाई  इस्लाम यहूदी बौद्ध को लेकर कही होती तब परिणाम कन्हैयालाल टेलर जैसा भी हो सकता था । तब उदयानिधि अपने जीवन को बचाने के लिए शरण स्थली तलाश रहे होते । प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा एलायंस को सनातन पर मुखर होकर विपक्ष को मुँहतोड़ जबाव देने की संतुति की है। दूसरी ओर एक धर्म मान्यता और जीवन पद्धति का समूल नाश करने का आह्वान उदयनिधि ने किया है लेकिन उनके पिता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन चुप हैं? क्या उनकी सरकार का यही एजेंडा है?और तो और अब डीएम के नेता ए राजा भी उसी नफरत की आग में अपने बयान से घई डाल रहे हैं उन्होंने और एक कदम आगे बढ़ कर सनातन की तुलना एड्स एचआईवी और कुष्ठ संक्रमण से कई है शर्मनाक पहलू यह है कि तमिलनाडु सरकार में शामिल कांग्रेस  चुप है? राहुल गांधी भी कुछ नहीं बोल रहे। क्या उनकी मोहब्बत की दुकान में इसी तरह की विष भरी %मोहब्बत% का बाजार सजाया जाता है ?  डीएमके आईएनडीआईए गठबंधन की एक बड़ी पार्टी है। ऐसी पार्टी को लेकर कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान बचाने निकली है, जिस पार्टी के नेताओं के यह विचार हों कि सनातन का विरोध करने से काम नहीं चलेगा। जिस तरह हम डेंगू, मलेरिया या कोरोना का विरोध नहीं कर सकते, हमें उन्हें खत्म करना है। ठीक उसी तरह हमें सनातन धर्म को मिटाना है। केवल विरोध तक सीमित नहीं रहना है। ऐसी द्वेषपूर्ण व समाज विरोधी आग लगाने वाली बयान बाजी पर कांग्रेस और घटक दलों की चुप्पी बताती है कि उसके लिए सत्ता सर्वोपरि है। सत्ता पाने के लिए वह किसी के साथ भी समझौता कर सकती है। कांग्रेस के नेता कार्ति चिदंबरम ने उदयनिधि का विरोध करने की जगह स्वयं भी आगे होकर सनातन पर हमला बोला है। याद रखें इसी डीएमके पर राजीव गांधी की हत्या में शामिल हमलावरों को संरक्षण देने के आरोप लगाए गए थे लेकिन कांग्रेस ने अपने नेता व तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में षड्यंत्र के लिए आरोपित रहे दल को ही सत्ता की चाह में गले लगा लिया है। यह घोर अवसरवादी राजनीति का जीता जागता उदाहरण है। वहीं

यहां उल्लेखनीय है कि कांग्रेस को डर है कि मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के लिए स्टालिन और ए राजा के बयान गले की हड्डी बन सकते है। चुनाव प्रचार करने राजस्थान पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा मध्यप्रदेश पहुंचे बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वहां स्टालिन  के बयान का मुद्दा जोर-शोर से उठाया और इसके सहारे इंडिया गठबंधन और कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कड़ी निंदा की। बीजेपी की रणनीति भांपते हुए कांग्रेस ने इस बयान से दूरी बरतने में जरा भी देर नहीं की। छत्तीसगढ़ के टीएस सिंहदेव और महाराष्ट्र के नाना पटोले जैसे कांग्रेस नेताओं ने इस बयान को अनावश्यक बताते हुए कहा कि वे सभी सनातन धर्म से जुड़े हुए हैं, यह बात अलग है कि वह धर्म की राजनीति नहीं करते. कभी अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के लिए धर्मनिरपेक्षता की बात करनेवाली कांग्रेस विगत वर्षों में देश के जनमानस को भलीभांति जान मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में कांग्रेस सॉफ्ट हिंदुत्व की वकालत कर रही है और हनुमान पढ़ने से लेकर गौशाला खोलने तथा बुजुर्ग हिंदुओं को तीर्थयात्रा कराने की बात कर रही है।

याद रहे कि भारत जैसे अध्यात्मिक व धर्म-परायण देश में धर्म और आस्था आम लोगों के जीवन में बेहद संवेदनशील भूमिका रखते हैं। अगर कोई व्यक्ति इसमें सुधार की अपेक्षा से कुछ कह रहा हो तो ऐसा किसी की भावनाओं को चोट पहुंचाए बिना भी किया जा सकता है। इसके लिए समाज की संरचना और उसमें धारणाओं के निर्माण की जड़ों को समझने की जरूरत होती है। लेकिन अगर आवेश में आकर या फिर महज अपनी राजनीति चमकाने के लिए धर्म को लक्ष्य करके बेहद शातिराना व आक्रामक लहजे में कोई टिप्पणी की जाती है तो इससे विवाद होना स्वाभाविक है । तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने जिस तरह डेंगू मलेरिया कोरोना कुछ बीमारियों के संक्रमण से तुलना करते हुए  सनातन के बारे में सफाया करने की टिप्पणी की, उससे साफ है कि वे समाज को बेहद घृणा व आपसी विवाद की राजनीति में धकेलने की साजिश रच रहे हैं। यदि सनातन की किसी परम्परा से उदय निधि का मत विभेद है तो वह उसे इंगित करते हुए अपनी बात कहने के लिए स्वतंत्र थे लेकिन उन्होंने जिस तरह से सनातन की तुलना बीमारी के वायरस से करते हुए सनातन के सफाया करने की बात कही है वह कतई बर्दाश्त करने के लायक नहीं है।

यहां बता दें कि सनातन ही ऐसा एक मात्र धर्म या जीवन पद्धति है जिस ने समय समय पर जरुरी सुधार कर इसे मानवीय मूल्यों व सरोकारों से जोड़ा है और मानवीयता के अनुरूप गढ़ने की हिम्मत की है। दुनिया में ऐसे कई धर्म और मान्यता है जो कूप मंडूक है और किसी भी तरह से अप्रासंगिक हो चुकी मान्यताओं रीति रिवाजों से बाहर आने के लिए तैयार नहीं है। सनातन में समय समय पर अनेक ऋषि मुनियों समाज सुधारको ने समय काल से कदम ताल मिलाते हुए अनेक परम्पराओं को कालातीत कर दिया या छोड़ दिया।  स्त्रियों या अन्य सामाजिक वर्गों के खिलाफ भेदभाव, छुआछूत, अत्याचार या शोषण यथा बाल विवाह बहुविवाह सती प्रथा आदि को बाकायदा कानून बना कर खत्म किया गया। लेकिन उदय निधि स्टालिन ने अपनी पार्टी के वोट बैंक को कायम करने के लिए जिस तरह सनातन पद्धति के खिलाफ विष वमन किया है वह किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है  खासतौर पर राजनीतिक नेताओं को इस तरह के विवादित जहरीले बोल से बचने की जरूरत होती है, क्योंकि समाज की दिशा तय करने में उनका खासा प्रभाव होता है और उनका एक व्यापक समर्थक वर्ग भी होता है। किसी धार्मिक मसले पर उदयनिधि स्टालिन की अपनी राय हो सकती है, लेकिन उसे अपने से असहमत लोगों की भावनाओं को चोट पहुंचाने का जरिया बनाने से बचना चाहिए। उन्होंने यह धीरज रखना तो दूर जानबूझ कर देश की अस्सी फीसदी आबादी की धार्मिक मान्यता के समूल नाश करने की अपनी घिनौनी जहरीली मानसिकता को बयान में कहा है। निश्चित तौर पर ऐसे लोग देश समाज में परस्पर घृणा फैला कर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति करने के लिए ऐसी बयान बाजी करते हैं। ऐसे लोगों को तत्काल प्रभाव से धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में मामला दर्ज कर जेल भेज देना चाहिए लेकिन हमारी सरकारें भी सुस्त और निकम्मी है। इंडिया गठबंधन के विभिन्न प्रमुख घटक इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। राहुल प्रियंका और सोनिया ने भी स्टालिन के बयान पर प्रतिक्रिया नहीं दी है जिससे साफ है कि इस सब के पीछे इन दलो और नेताओं की राजनीतिक लाभ उठाने की मंशा छिपी हुई है। द्रविड़ राजनीति में इस तरह की घृणा फैला कर पूर्व में भी पार्टियां वोट बैंक की राजनीति करती रही हैं। यह बेहद शर्मसार करने वाला मामला है किसी बहुसंख्यक समाज की उदारता सहिष्णुता का फायदा उठाकर इतना अनुचित व घातक बयान प्रचार प्रसार करना दुनिया के किसी भी दूसरे लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में भी संभव नहीं है। स्टालिन जैसे नेताओं को राजनीति से प्रतिबंधित कर हमेशा के लिए चुनाव लड़ने या राजनीतिक भागीदारी करने से अयोग्य कर देना चाहिए।

# जी-20 सम्मेलन से नये विश्व की संरचना संभव

बड़ा आयोजन

( ललित गर्ग )



हिंसा, आतंक एवं युद्ध से संत्रस्त दुनियाभर की नजरें 9 और 10 सितंबर को दिल्ली में होने वाले जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन पर टिकी हैं। यह सम्मेलन इसलिए भी खास है कि भारत इस साल जी-20 का अध्यक्ष होते हुए दुनिया को नयी दिशाएं एवं नये आयाम दिये हैं। सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है, जब दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन-ताइवान की तनातनी और उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण को लेकर असुरक्षा एवं अशांति की चिंताओं से घिरी हुई है। हालांकि जी-20 सुरक्षा संबंधी मुद्दों का नहीं, आर्थिक मुद्दों का मंच है, लेकिन सुरक्षा, शांति एवं युद्धमुक्त से होकर ही आर्थिक उन्नति के रास्ते खुलते हैं। सुरक्षा चिंताओं ने दुनिया की अर्थव्यवस्था को जिस तरह प्रभावित कर रखा है, जी-20 देशों के लिए इसे पूरी तरह नजरअंदाज करना संभव नहीं है। जी-20 के सदस्य देशों की संयुक्त रूप से दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद में करीब 85 फीसदी और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में 75 फीसदी की भागीदारी है। इस मंच के अध्यक्ष होने के नाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आर्थिक उन्नति के लिये शांति का सन्देश दिया है, उनका कहना है कि 'यह युग युद्ध का नहीं है' सन्देश फिर दुनिया को देने की जरूरत है। चीन की विस्तारवादी नीतियों पर अंकुश के लिए भी सम्मेलन में निर्णायक रूपरेखा एवं दिशाएं तय होनी चाहिए। जाहिर है, दिल्ली शिखर सम्मेलन में जो भी फैसले किए जाएंगे, पूरी दुनिया के लिए महत्त्वपूर्ण होंगेएवं उसी से नई विश्व संरचना संभव होगी।

समूची दुनिया युद्ध नहीं चाहती, अहिंसा एवं शांति की तेजस्विता ही विश्वजनमत की सबसे बड़ी अपेक्षा है, अब अहिंसा कायरता नहीं है बल्कि उन्नत एवं आदर्श विश्व संरचना का आधार है। अब एक दौर अहिंसा का चले, उसकी तेजस्विता का चले तो विश्व इतिहास के अगले पृष्ठ सचमुच में स्वर्णिम होंगे, जी-20 के माध्यम से आर्थिक उन्नति के रास्ते कपोतों के मुंह में गेहूं की बाली लिये होंगे। लेकिन इसकी सबसे बड़ी बाधा चीन एवं रूस पर निर्णय एवं निर्णायक रूपरेखा को तैयार करना ही होगा। दिल्ली सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की दूसरे देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों पर सबकी नजरें टिकी थीं, पर दोनों सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। इससे सम्मेलन के उद्देश्यों और संभावनाओं पर खास असर नहीं पड़ेगा। जब अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, इटली, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया जैसे बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष सम्मेलन में भाग लेने वाले हैं तो दुनिया की मौजूदा चुनौतियों से निपटने की कोई न कोई दिशा जरूर उभरेगी। इसकी संभावनाएं इसलिए भी बढ़ गई हैं, क्योंकि भारत ने नीदरलैंड्स, मिस्र, स्पेन, नाइजीरिया, संयुक्त अरब अमीरात और बांग्लादेश समेत नौ ऐसे देशों को भी आमंत्रित किया है, जो जी-20 के सदस्य नहीं हैं।




भारत ने सारी वसुधा को अपना परिवार मानते हुए ही जी-20 के अध्यक्षीय दायित्व को संभाला है। आज से एक सदी पूर्व अमरीका के शिकागो में सर्वधर्म सम्मेलन में उपस्थित प्रतिनिधियों को 'बहिनों और भाइयों' के रूप में सम्बोधित कर स्वामी विवेकानंद ने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भारतीय भावना का ही विचार तो दिया था, जिसे सुनकर वहां उपस्थित सभी प्रतिनिधि आश्चर्यचकित रह गये और इस संबोधन से गद्गद् होकर बहुत देर तक करतल ध्वनि करते रहे। आज भी मोदी उसी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' मंत्र को जी-20 का उद्घोष एवं लोगो बनाकर दुनिया को एक परिवार बनाने की ओर कदम बढ़ाये हैं, लेकिन इन राहों में चीन एवं रूस जैसे महत्वाकांक्षी देश कांटे बो रहे हैं। दरअसल, दुनिया के देशों को यह समझना होगा कि इस वक्त चीन और रूस, दोनों ही अपने हिसाब से दुनिया को संचालित करना चाहते हैं। दोनों की मंशा अपने पड़ोसी देशों की संप्रभुता को नष्ट करने की है और साथ ही, इस सरासर अन्यायपूर्ण व अमानवीय कृत्य में वे जी-20 जैसे मंचों का समर्थन भी चाहते हैं। कैसे भुला दिया जाए कि पुतिन यूक्रेन के खिलाफ बाकायदा युद्ध लड़ रहे हैं, तो चीन ताइवान व भारतीय इलाकों पर लगातार गिद्ध दृष्टि गड़ा बैठा है? इसके बावजूद दुनिया में निरंतर सशक्त होते भारत को न तो निरश होना चाहिए और न हार मानकर बैठ जाना चाहिए।

भारत को अपनी परम्परा से मिली ऊर्जा से दुनिया में शांति, सुख एवं समृद्धि की कामना एवं प्रयत्न करते रहना हैं। इतिहास साक्षी है कि सभी प्राणियों के सुख-शांति की कामना करने वाले हमारे पूर्वजों ने कहीं भी राजनैतिक सत्ता की प्राप्ति का लक्ष्य रखकर आक्रमण नहीं किया, किसी देश पर अतिक्रमण नहीं किया, किसी देश की सीमाओं पर कब्जा नहीं किया। यदि कहीं संघर्ष की स्थिति आयी थी तो लक्ष्य रहा सज्जनों का परित्राण और दुष्टों का विनाश। इसके अतिरिक्त जहां कहीं वे गये, वहां अपने सद्व्यवहार और ज्ञान के बल पर उन्होंने भाईचारे और भारतीय संस्कृति की पताका ही लहराई न कि सत्ता के मद में किसी पर आक्रमण किया। वृहत्तर भारत के देशों में आज भी भारतीय संस्कृति के गरिमामय अवशेष इस कथ्य के प्रमाण हैं। दुनिया के प्रति भारत की अपनी स्वतंत्र नीति है और उसी के अनुरूप आचरण जारी रहना चाहिए। ध्यान रहे, हमारी प्रगति के प्रति प्रतिकूल नजरिया रखने वाले देशों की चलती, तो भारत में कभी जी-20 का आयोजन नहीं होता और न अध्यक्षता मिलती। भारत ने जो पाया है, अपने प्रयासों से पाया है और आगे भी उसे अपने पुरुषार्थ से ही सफलताएं हासिल होंगी।

आज भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट के लिए अकेले चीनी राष्ट्रपति जिम्मेदार हैं। एकाधिक ऐसे उदाहरण हैं, जिनसे यह सिद्ध किया जा सकता है कि भारत में होने वाले शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीनी प्रधानमंत्री ली केकियांग आ रहे हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि जोड़ने-जुड़ने के शिखर मंच पर चीन की ओर से तोड़ने-टूटने की बातें नहीं होंगी। निश्चित ही भारत ने अपनी अध्यक्षता में जी-20 को और ज्यादा समावेशी मंच बनाया है, अनेक नये देशों को इस मंच से जोड़ा गया है। भारत के प्रयासों से अफ्रीकी संघ भी जी-20 से जुड़ा, जबकि पहले इस मंच पर अफ्रीका के लोगों की आवाज नहीं थी। वैश्विक आर्थिक संकट से उबरने के लिए 1999 में जब जी-20 का गठन किया गया था तो शुरुआत में सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों और प्रमुख बैंक गवर्नर ही सम्मेलन में बुलाए जाते थे। दिल्ली सम्मेलन में पहली बार करीब 40 देशों के राष्ट्राध्यक्ष व कई वैश्विक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होने वाले हैं, निश्चित ही यह सम्मेलन अनूठा एवं विलक्षण होगा और भारत ने इसकी गरिमा के अनुकूल तैयारियां भी भव्य एवं अद्वितीय की है।

भारत के लिए यह सम्मेलन सदस्य देशों के साथ रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने के आधार तलाशने के प्रयास तेज करने का अच्छा मौका है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के साथ युद्ध की वजह आने में असमर्थ हैं। इसके पीछे उनकी कोई गहरी कूटनीति नहीं है। बावजूद इसके देखने वाले रूस-चीन के शीर्ष नेताओं की जी-20 को गंभीरता से न लेने एवं उनकी बेरूखी का कोई तो मतलब निकालेंगे। ऐसा इसलिए भी होगा, क्योंकि जी-20 में शांतिप्रिय पश्चिमी देशों का वर्चस्व है। इसके अलावा, शांति के पक्षधर और पंचशील की बुनियाद रखने वाले युद्ध विरोधी भारत के पास इसकी अध्यक्षता है, जिसे लेकर शुरू से चीन असहज है। उसकी असहजता का कारण उसकी विस्तारवादी गतिविधियों एवं कूटनीति पर पानी फिरना है। भारत के विरोध में वह अलग-थलग है। कूटनीति के जानकार मानते हैं कि शी जिनपिंग ने अपने देश का नया नक्शा ऐसे समय में यूं ही नहीं जारी कराया था। चीन के नए नक्शे में कई देशों की सीमाओं का उल्लंघन है। चीन ने केवल भारत के अरुणाचल समेत कुछ इलाकों को ही अपने नये नक्शे में नहीं दिखाया है बल्कि मलयेशिया, फिलीपींस, विएतनाम को भी अपने नक्शे में दिखाया है। भारत ने इस पर अपना एतराज जाहिर किया है। सत्य तो यह है कि भारतीय संस्कृति एवं राजनीति की सुदीर्घ यात्रा में विश्व-कल्याण और मानव-कल्याण की भावना सदैव सक्रिय रही है। इस संस्कृति के अंतर्गत उपलब्ध संपूर्ण वाङ्मय में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना अंतःसलिला सरिता के समान सदा प्रवहमान रही है। इसमें व्यक्ति की अपेक्षा समष्टि को, देश के साथ संपूर्ण विश्व को प्रधानता दी गई है। जी-20 दिल्ली सम्मेलन में विश्व-परिवार की भावना को ही बल दिया जायेगा।

सेहत

## पहले के 5 साल के बाद पड़ता है दूसरा दिल का दौरा, इससे बचने के लिए एक्सपर्ट ने दी यह खास सलाह

आपका दिल हेल्दी है या बीमार इसके पीछे आपकी लाइफस्टाइल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. आप अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में किस तरह की लाइफस्टाइल बिता रहे हैं इसका सीधा असर आपके दिल पर पड़ता है. दुनिया भर में दिल का दौरा पड़ने के पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारण है आपकी खराब लाइफस्टाइल. दिल का दौरा तब पड़ता है जब दिल की मांसपेशियों के एक हिस्से में ब्लड सर्कुलेशन अचानक से रूक जाता है.

**कब पड़ता है हार्ट अटैक-**यह  अक्सर इसलिए होता है जब दिल के कोरोनरी आर्टरी में खून का थक्का जमने लगता है. दिल का दौरा पड़ने के बाद भी अगर आप जिंदा है तो यह पूरी तरह से निर्भर करता है कि आपको कितना गंभीर दिल का दौरा पड़ा है. साथ ही आप टाइम से हॉस्पिटल पहुंच गए. सामान्य तौर पर दिल का दौरा पड़ने वाले लोगों में एक प्रतिशत लोग ऐसे हैं जो जिंदा रहते हैं. लेकिन उन्हें अपनी हेल्थ का खास ख्याल रखना पड़ता है. हालांकि इसके लिए उन्हें अनुशासन के साथ अपनी जिंदगी को जिना पड़ता है.

रिपोर्ट के मुताबिक 21वीं सदी में अचानक कार्डियक अरेस्ट लोगों की अचानक मृत्यु के मुख्य कारणों में से एक है. उन्होंने आगे कहा,पिछले कुछ सालों में अचानक कार्डियक अरेस्ट का सामना करने वाले लोगों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ गई है. यह हार्ट अटैक किसी भी उम्र के लोगों को अपना शिकार बना रहा है. वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक दिल की बीमारी (सीवीडी) दुनिया भर में मौत का प्रमुख कारण है. जिससे हर साल 1.79 करोड़ मौतें होती हैं. वैश्विक स्वास्थ्य निकाय का कहना है, सीवीडी से होने वाली पांच में से चार से अधिक मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण होती हैं. आंकड़ों के मुताबिक  इनमें से एक तिहाई मौतें 70 साल से कम उम्र के लोगों में समय से पहले होती हैं.

**दिल का दौरा पड़ने के बाद महिला और पुरुष के शरीर में होते हैं ये बदलाव-**अचानक से दिल का दौरा पड़ता है . लेकिन उससे पहले आपके शरीर में कुछ इस तरह के लक्षण दिखाई देते हैं. शरीर के अलग-अलग हिस्सों में दर्द, एक या दोनों हाथ में दर्थ, पीठ, गर्दन, पेट या जबड़े में दर्द, दिल के दौरे पड़ने के कई कारण हो सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं है कि यही कारण है. यह जीईआरडी, चिंता आदि सहित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के साथ कई समानताएं भी हो सकती है. एक रिसर्च के मुताबिक, दिल का दौरा पड़ने के बाद पहले कुछ हफ्तों के भीतर पुरुषों की तुलना में महिलाओं की मृत्यु की संभावना अधिक होती है. ऐसा इसलिए है क्योंकि पुरुषों की तुलना में महिलाओं की धमनियां छोटी होती हैं और पुरुषों की तुलना में हृदय रोग के विभिन्न लक्षणों का अनुभव हो सकता है, जिससे कभी-कभी निदान में देरी हो सकती है. हालांकि, अध्ययनों से पता चला है कि दिल के दौरे के लिए अस्पताल में भर्ती लोगों की जीवित रहने की दर लगभग 90-97 प्रतिशत है.

**पहला दिल का दौरा पड़ने के 5 साल के अंदर पड़ता है दूसरा दिल का दौरा-**अधिकांश लोग अपने पहले दिल के दौरे से ठीक हो जाते हैं और आगे की जिंदगी आराम से बिताते हैं. हालांकि 45 साल या उससे अधिक उम्र के लगभग 20 प्रतिशत लोगों में पहले दिल का दौरा पड़ने के 5 साल के अंदर दूसरा दिल का दौरा पड़ता है. ऐसे में आपको दूसरे दिल का दौरा पड़ने से बचने के लिए यह खास कदम उठाना बेहद जरूरी है.

**टाइम पर दवाएं लें-**कुछ दवाएं आपके दूसरे हार्ट अटैक के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकती हैं. आपको यह समझना होगा कि इसके लिए अपनी दवाएं कैसे लेनी हैं. जानें कि अपनी दवाएं कैसे लें.

**डॉक्टर के पास जाकर फॉलो-अप करते रहें-** डॉक्टर के नजर में रहें और बार-बार जाकर अपना फॉलो अप लेते रहें. आप अपने डॉक्टर के साथ अपने समय का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं.

**रिहैबिलिटेशन ज्वाइन करें-**कार्डिएक रिहैबिलिटेशन दिल का दौरा पड़ने के बाद आपकी रिकवरी में सहायता के लिए चिकित्सकीय देखरेख में चलाया जाने वाला एक कार्यक्रम है.  अपने डॉक्टर से पूछें कि क्या आपको अस्पताल से छुट्टी मिलने पर हृदय पुनर्वास के लिए रेफरल नहीं मिला था.

## एक नजर

### जिले में 1181.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा 8 सितंबर।** भू- अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 1500.3 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 980.4 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 939.2 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 963.6 मिलीमीटर और तोंगपाल तहसील में 1524.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में 06 सितंबर तक 1181.5 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1800.6 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है। वर्षा प्रतिवेदन 05 सितंबर के आधार पर सर्वाधिक वर्षा गादीरास तहसील में 84.6 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 28.4 मिलीमीटर, छिंदगढ़ तहसील में 22.1 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 26.1 मिलीमीटर तथा न्यूनतम वर्षा सुकमा तहसील में 5.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### एनर्जी एफिशिएंट मोटर के लिए शक्ति पम्पस् ने प्राप्त किया एक और पेटेंट

**रायपुर 8 सितंबर।** भारत में एनर्जी एफिशिएंट पम्प और मोटर बनाने में लीडिंग मैन्युफैक्चरर शक्ति पम्पस् को हाल ही में अपनी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी ÷हाई स्टार्टिंग टॉर्क डायरेक्ट लाइन ऑपरेटेड एनर्जी एफिशिएंट मोटर शक्ति स्लिप स्टार सिंक्रोनस रन मोटर के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ। शक्ति पम्पस् को इस टेक्नोलॉजी के लिए पिछले माह अगस्त में ỹ के यूनाइटेड स्टेट एंड ट्रेडमार्क ऑफिस से पेटेंट प्राप्त हुआ था, अब कम्पनी ने भारत में भी भारतीय पेटेंट अधिनियम 1970 के अनुसार यह पेटेंट हासिल किया जिसकी वैलिडिटी फाइल करने की दिनांक से 20 वर्ष तक है। ऐसे कंपनी के पास कुल 3 पेटेंट है तथा 25 अन्य पेटेंट के लिए डोमेस्टिक और इंटरनेशनल न्यायालयों में आवेदन किया जा चुका है। इस मोटर में नई तकनीक का इस्तेमाल किया गया है जिससे बिजली की खपत में कमी आएगी। यह मोटर न केवल एफिशिएंसी से संचालित होती है बल्कि बेहतर पावर फैक्टर के कारण ट्रांसमिशन के दौरान एनर्जी लॉस को कम कर संपूर्ण इलेक्ट्रिकल सिस्टम को अधिक एफिशिएंट बनाने में भी मदद करती है। मोटर बिजली वितरण प्रणालियों में एनर्जी कंजर्वेशन और कॉस्ट सेविंग दोनों के लिए फायदेमंद है।

### शहर से लगे पहाड़ के चट्टान पर बैठा दिखा तेंदुआ

**कांकेर 8 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के वन परिक्षेत्र अंतर्गत शहर के आदर्श नगर वार्ड से लगे पहाड़ी में एक तेंदुआ दिखा. जिसका वीडियो सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है की पहाड़ के एक चट्टान पर तेंदुआ आराम से बैठा हुआ है। तेंदुआ का वीडियो शहर में भी जमकर वायरल हो रहा है. साथ ही यह वीडियो गुरुवार शाम की बताई जा रही है. वहीं इससे पहले भी इस पहाड़ी इलाके में तेंदुआ को देखा गया है. वन विभाग इस पहाड़ी में ड्रोन के माध्यम से तेंदुए की निगरानी कर रही थी।

### ग्राम पंचायतों में 13 से 15 सितम्बर तक विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**उत्तर बस्तर कांकेर 8 सितम्बर।** शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में 13 से 15 सितम्बर तक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची शेष हितग्राहियों एवं छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण-2023 के आवासहीन परिवारों को पात्रता एवं अपात्रता परीक्षण के संबंध में चर्चा किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में विषेष ग्रामसभा का आयोजन करने के लिए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देषित किया गया है।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर, 8 सितम्बर।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील दरभा ग्राम कोटमसर निवासी सुकमन की मृत्यु सांप काटने से पत्नी बुधरी को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

# जन्माष्टमी पर रही मटका फोड़ की धूम

## महिलाओं , बच्चों ने बड़ी संख्या में लिया भाग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर 8 सितंबर।** नारायणपुर जिले के न्यू बस स्टैंड कलेक्ट्रेट मार्ग पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ड्रायवर कल्याण संघ व संरक्षक पंकज जैन के द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर मटका फोड़ का आयोजन किया गया । इस आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चों व महिलाओं ने मटका फोड़ कार्यक्रम में भाग लिया पूरा माहौल जय कन्हैयालाल की हाथी घोड़ा पालकी के नारे से गूंज उठा । इस दौरान कार्यक्रम शांतिपूर्ण सम्पन्न हो इसके लिए थाना नारायणपुर द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे । पीरामिण्ड बनाकर मटका फोड़ का प्रथम इनाम 3100 रुपये , डंडे से आंख पर पट्टी बांधकर मटका फोड़ का इनाम 500 रुपये , जमीन पर मटकी फोड़ का इनाम 500 सहित 100 रुपये के आकर्षक इनाम सहित ट्राफी भी दी गई । वही इस दौरान कृष्ण कन्हैया बनकर आये बच्चों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया । मटका फोड़ कार्यक्रम के जमीन मटका फोड़ में बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर हाथ आजमाए वही आंख पर पट्टी बांधकर डंडे से मटकी फोड़ में कार्यक्रम देखने आए लोगो ने भी भाग लिया वही पीरामिण्ड बनाकर दही मटकी फोड़ में ग्रुप में मिलकर मटकी फोड़ी और 3100 का पहला इनाम जीता । कार्यक्रम को सफल बनाने ड्राइवर संग से अध्यक्ष कमल कोर्राम ,जय सिंह,पंडीराम,संतोष,खेमू साहू,रमेश गावड़े, बज्जी,गोलू साहू,राजेश साहू,राजेश वैष्णव,ललित ,राजेश ठाकुर, उजाला, शेखर,भीम, कन्हैया, रमेश ,राजेश दुग्गा,पवन ठाकुर, चैतराम, उमा, इन सभी का अहम योगदान रहा । पंकज जैन सरंक्षक ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी फोड़ का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉयवर संघ के तत्वाधान में बस स्टेंड कलेक्ट्रेट रोड़ पर किया गया जिसमें बच्चों से लेकर महिलाओ ने बड़ी संख्या में भाग लेकर मटकी फोड़ कार्यक्रम का आनन्द उठाया । जमीन मटकी , पीरामिण्ड मटकी , डंडे मटकी का आयोजन किया गया था । विजेताओ को नगद पुरुष्कार व नन्हे कन्हैया को शील्ड प्रदान किया गया ।

# विजय के संकल्प के साथ भाजपा की परिवर्तन यात्रा 16 को जिले में

**राजनांदगांव 8 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में आगामी महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव में विजय के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा दो जगहों जशपुर व दंतेवाड़ा से प्रारंभ हो रही है। राजनांदगांव जिले सहित अं.चौकी-मोहला-मानपुर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई व कबीरधाम जिले में दंतेवाड़ा से प्रारंभ होने वाली यात्रा का 16 सितम्बर को देवरी बंगला मार्ग से प्रवेश होगा जो उपरोक्त स्थानों का भ्रमण करते हुये गंतव्य के लिये रवाना होगी। जिला भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस महत्वपूर्ण यात्रा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिये पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने तैयारियों का व्यापक अभियान प्रारंभ कर दिया है। इसके तहत जिले के सभी मंडलों की बैठक आहूत की गई है, जिसके तहत राजनांदगांव शहर के उत्तर, दक्षिण व ग्रामीण मंडल, डोंगरगढ़ मंडल, डोंगरगांव मंडल व छुरिया मंडल की अलग-अलग बैठकें आहूत की जा रही है, जिसमें कार्यकर्ताओं से इस यात्रा को सफल बनाने के लिये जी-जान से जुट जाने का आव्हान किया जायेगा। पार्टी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार परिवर्तन यात्रा देवरी बंगला मार्ग से जिले में 16 सितंबर को प्रवेश करेगी और ग्राम अर्जुनी में दोपहर डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र की आमसभा होगी, तत्पश्चात यह यात्रा राजनांदगांव शहर आयेगी जहॉ विशाल रोड शो के बाद एक बड़ी जनसभा आयोजित होगी। इसके बाद राजनांदगांव में ही रात्रि विश्राम होगा और सुबह समाज जीवन के प्रबुद्ध नागरिकों व संगठनों से नाश्ते पर चर्चा होगी और पत्रकार वार्ता के बाद यात्रा मोहला-मानपुर के लिये आगे बढ़ जायेगी। मोहला क्षेत्र से लौटकर यह यात्रा कुमर्दा में स्वागत सभा के पश्चात् दोपहर छुरिया में आमसभा होगी फिर यात्रा का अगला पड़ाव डोंगरगढ़ होगा, जहॉ रोड शो के बाद बम्लेश्वरी मंदिर रोड पर आमसभा होगी और रात्रि विश्राम डोंगरगढ़ में ही होगा।

# यादव समाज ने कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 8 सितंबर।** यादव समाज जिला सुकमा के द्वारा भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्री राम मंदिर से भव्य सोभा यात्रा निकली गई पूरे सुकमा नगर भ्रमण कर अतीस बाजी जय यादव जय माधव, जय श्री कृष्ण की नारे के साथ धूमधाम से सुकमा नगर में मनाया गया सुकमा जिला के प्रत्येक गांव गांव से हजारों की संख्या में पहुँच कर नाच गाना से शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में हरीश लखमा कवासी, विशिष्ट अतिथि मनीष कुंजाम पूर्व विधायक कोंटा, हूँगाराम मरकाम प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा, अधिवक्ता दीपिका शोरी युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष, संजय सोडी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुकमा भाजपा, डमरू राम नाग जनपद उपाध्यक्ष सुकमा, जगरनाथ राजू साहू नगरपालिका अध्यक्ष सुकमा, यादव समाज जिला अध्यक्ष ठडगू राम यादव, संभाग उपाध्यक्ष हरि यादव, संभाग अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ यादव समाज सोनू राम यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश यादव, संभाग सचिव मिथलेश यादव, जिला सचिव देवी सिंह यादव, जिला सह सचिव जितेंद्र यादव, जिला के प्रमुख सदस्य सुखराम यादव, जिला उपाध्यक्ष भैरम यादव, युवा युवा प्रकोष्ठ संभाग उपाध्यक्ष सुनील यादव, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष भुवनेश्वरी यादव, सरोज यादव, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रमेश यादव, जिला सचिव शंकर यादव, गंगा राम यादव, जिला सचिव संतोष यादव, युवा प्रकोष्ठ से हेमंत यादव, रामेश्वर यादव, देवेंद्र यादव, पंकज यादव, शिवा यादव, कमलेश यादव, रत्तू यादव, सहदेव यादव, श्रीदेव यादव, गजेंद्र यादव, सहित हजारों की संख्या में यादव समाज के सदस्य रहे ।

## समाचार संक्षेप

### महिलाओं को सुरक्षा जागरूक अभियान के तहत दी अभिव्यक्ति एप की जानकारी



**सुकमा 8 सितंबर।** जिला सुकमा दिनांक 06.09.23 पुलिस मुख्यालय निर्देशानुसार अभिव्यक्ति ऐप महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा जागरूक अभियान के तहत सुकमा जिला में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री किरण चव्हाण,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गौरव मंडल, श्री आकाश मरकाम, श्री प्रभात कुमार के दिशा निर्देश पर उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारुल खंडेलवाल एवं थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक श्री सत्यवादी साहू व अजाक स्टॉफ के द्वारा आईएमएसटी इंग्लिश मीडियमस्कूल सुकमा मे शिक्षक,शिक्षिकाओं की उपस्थिति मे बालिकाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से शॉर्ट मूवी दिखा कर महिलाओ सुरक्षा हेतु प्रदत कानूनी अधिकार,पॉक्सो एक्ट, मानव तस्करी,बाल विवाह, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, एवं नशे से निजात,गुड टच, बेड टच, स्वास्थ्य संबंधी, कैरियर मोटिवेशन एवं यातायात नियम की विस्तृत जानकरी के साथ अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड करवा कर अभिव्यक्ति ऐप की जानकरी देकर जागरूक किया गया।

### अनुसूचित जाति वर्ग के युवक-युवतियां करें स्वरोजगार के लिए ऋण प्राप्त करने 21 सितम्बर तक आवेदन

**उत्तर बस्तर कांकेर 8 सितम्बर।** जिले में निवासरत अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण प्राप्त करने 21 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए संचालित अंत्योदय स्वरोजगार योजना में स्वरोजगार स्थापना हेतु 50 हजार रुपये की ऋण प्रदाय किया जायेगा। ऋण प्राप्त करने के लिए आवेदक संबंधित जाति वर्ग तथा जिले का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की वार्षिक आय शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में 01 लाख 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए। आवेदक की उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच होना चाहिए। जन्म तिथि दर्शित पांचवी, आठवीं दसवीं की अंकसूची, आधार कार्ड, पेन कार्ड, राशन कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र, 02 पासपोर्ट साईज की फोटो तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति होना अनिवार्य होगा। 10 रूपये के स्टाम्प पर किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण अनुदान का लाभ नहीं लिये होने की शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्त पात्रता एवं शर्तें रखने वाले आवेदक अपना आवेदन जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन कक्ष क्रमांक 06 में 21 सितम्बर तक कार्यालयीन समय में आवेदन प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास विभाग कांकेर से संपर्क कर सकते हैं।

### राज्य सरकार योजनाओं के माध्यम से पशुओं और गोवंश की सेहत का रख रही पूरा ख्याल

**धमतरी 8 सितम्बर।** राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पशुओं और गोवंश की सेहत का पूरा ध्यान रख रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप पशुओं के घर पहुंच उपचार के लिए गोवंश मोबाइल चिकित्सा यूनिट शुरू की गई है। जिले के धमतरी, कुरूद, मगरलोड और सिहावा विकासखंड में मोबाइल वेटनरी यूनिट की सेवाएं शुरू गई है। इस योजना के शुरू करने के बाद धमतरी विकासखंड के ग्राम अछोटा में बीते दिन गौठान में लगे शिविर में पहुंचे नवागांव कंडेल निवासी पशुपालक श्री रामेश्वर साहू ने बताया कि उसके पास 7 दुखारू गाये है। कुछ दिन से एक गाय जो की अच्छी नस्ल की है उसे डायरिया हो गया था, जिसके कारण वह सही तरीके से नहीं खा पी रही थी, जिसका असर उसके दूध उत्पादन पर भी पड़ने लगा। बातचीत के दौरान उसके पुत्र ने उसे बताया कि शासन द्वारा हाल ही में पालतू पशुओं के इलाज के लिए एक नई योजना प्रारंभ की गई है, जिसका टोल फ्री नंबर 1962 है। श्री रामेश्वर ने इस नम्बर पर कॉल कर पशु की समस्या बताई, जिसके लक्षण को समझ कर चिकत्सको ने उचित परामर्श दिया। श्री रामेश्वर ने कहा की प्रदेश के संवेदनशील मुखिया श्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों के लिए तो योजनाएं संचालित की हैं, अब मूक पशुओं का भी वह ध्यान रख रहे हैं, जो कि उनकी संवेदनशीलता का परिचायक है। ऐसे मुख्यमंत्री श्री बघेल को ऐसी योजना प्रारंभ करने के लिए हृदय से धन्यवाद। बता दें कि जिले में कोई भी पशुपालक अपने पशुओं के बीमार होने पर इस मोबाइल वेटनरी यूनिट के माध्यम से बीमार पशुओं के इलाज करवा सकेंगे।



# हमारा लक्ष्य वैश्विक पर्यावरण अनुकूल खनन कंपनी के रूप में उभरना है:सीएमडी



**हैदराबाद,8 सितंबर।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने आज अपनी 65वीं वार्षिक आम बैठक में अपने शेयरधारकों को संबोधित किया। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और सेबी के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए, एजीएम का आयोजन वर्चुअल मोड के माध्यम से किया गया।

श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) और निदेशक (वित्त) ने बैठक की अध्यक्षता की और शेयरधारकों को संबोधित किया। कंपनी के बोर्ड सदस्य -श्री दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पादन); श्री वी सुरेश, निदेशक (वाणिज्यिक); श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी), श्री ए एस पार्थ सारथी , कंपनी सचिव, स्वतंत्र निदेशक- श्री संजय टंडन, डॉ अनिल कांबले, श्री विशाल बब्बर, श्री संजय सिंह के साथ अपने शेयरधारकों को कंपनी की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक साथ आए।

कंपनी के भीतर वित्तीय वर्ष 23 की उपलब्धियों और भविष्य के लिए तैयार किए गए रोडमैप का अवलोकन करते हुए, सीएमडी ने कहा, ÷दुनिया विकसित हो रही है, और इसलिए जिम्मेदार खनन कंपनियों की मांगें और अपेक्षाएं भी बढ़ रही हैं। हमारा लक्ष्य एक वैश्विक पर्यावरण-अनुकूल खनन कंपनी के रूप में उभरना है, जो न केवल वर्तमान की जरूरतों को पूरा करे बल्कि भविष्य की पीढ़ियों की जरूरतों को भी सुरक्षित रखे।शेयरधारकों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा, आपके निरंतर सहयोग और विश्वास से, मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों में हम जो संकल्प लेंगे वह उस दृढ़ संकल्प को पूरा करेगा जिसने हमें इस मुकाम तक पहुंचाया है। मैं सभी स्टेकहोल्डरों से एक मजबूत औद्योगिक संस्कृति और उज्जवल भविष्य के निर्माण में हमारे साथ भागीदारी करने का आह्वान करता हूं।

इंटरैक्टिव सत्र के दौरान शेयरधारकों ने कंपनी के विकास और जिम्मेवार खनन के प्रति इसकी प्रतिबद्धता की सराहना की। प्रश्नोत्तरी के दौरान शेयरधारकों द्वारा उठाई गई चिंताओं और सवालों का बोर्ड द्वारा विधिवत समाधान किया गया।

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने भी आज अपनी 8वीं वार्षिक आम बैठक आयोजित की। डीमर्जर के बाद और बीएसई, एनएसई और सीएसई पर इक्विटी शेयरों की लिस्टिंग के बाद यह कंपनी की पहली एजीएम थी। स्टैबलज़ैशन चरण में चल रहे इस्पात संयंत्र को चालू करके भारतीय इस्पात निर्माताओं की लीग में एनएसएल की शानदार प्रविष्टि के साथ, शेयरधारकों ने सपने को साकार करने पर खुशी व्यक्त की।

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, सुकमा पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**सुकमा 8 सितंबर।** जिले में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी की रोकथाम के लिए विशेष अभियान के तहत् श्रीमान किरण गंगाराम चव्हाण (भापुसे) पुलिस अधीक्षक महोदय सुकमा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सुकमा श्री प्रभात कुमार (भापुसे), अति. पु. अधीक्षक महोदय सुकमा, श्री आकाश मरकाम, अति.पु. अधीक्षक महोदय गौरव मण्डल, एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दोरनापाल श्री निशांत पाठक के मार्गदर्शन में दिनांक 06.09.2023 को थाना दोरनापाल पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर एक सफेद रंग की टाटा पंच वाहन क्रमांक च 18-त्त-0921 में अवैध रूप से गांजा परिवहन करते नारकोटिक्स जांच नाका में चेकिंग कार्यवाही के दौरान आरोपी रामप्रताप सिंह भदौरिया पिता बलवीर सिंह, उम्र 37 वर्ष, पता- नादर मई, थाना आमापुर, जिला- कासगंज (उ0प्र0) को पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से एक टाटा पंच कार वाहन क्रमांक च 18-त्त-0921 से कुल 57 पैकेट भुरे रंग के प्लास्टिक टेप से लपटा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद होने पर आरोपी के विरूद्ध मौके पर विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी से बरामद अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 52. 910 किलोग्राम कीमती करीबन 5,29,100/00 रूपये को जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध थाना दोरनापाल में अपराध क्रमांक 37 / 2023 धारा 20(ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीबद्ध कर आरपी को आज दिनांक 07.09.2023 को न्यायिक अभिरक्षा पर जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना दोरनापाल के थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक वासुदेव शर्मा, प्र0आर0 दिनेश वस्त्राकार, सरोज मण्डावी, आरक्षक सत्यानंद बघेल, महेश कश्यप, मनोज जिलकर, का सराहनीय भूमिका रही है।

## दोनों मृतकों के आधार कार्ड भी हैं, इसका साफ मतलब है कि ये दोनों नक्सली नहीं थे

# मुठभेड़ में मारे गए नक्सली ग्रामीण क्षेत्र के थे नक्सली नहीं थे:मनीष कुंजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 8 सितंबर।** को ग्राम ताड़मेटला में कथित मुठभेड़ की घटना को धौर्य के साथ तमाम पहलुओं का विश्लेषण किये। सहयोग से मैं (मनीष कुंजाम) उसी दिन ग्राम एलमागुंडा में प्रोग्राम था, दिन में 10:30 बजे करीब चिंतागुफा गांव पहुंच गया था, तब ही सुकमा एसपी साहब का फोन आया कि ताड़मेटला में मुठभेड़ चल रहा है, आपका एलमागुंडा जाना उचित नहीं रहेगा, ऐसा कहने पर मैंने अपना कार्यक्रम स्थगित किया। वहीं उपस्थित गांव के साथियों के साथ इस घटना पर चर्चा शुरू किये, कहने लगे की मुठभेड़ यदि रात में से चल रहा है तो आवाज सुनाई क्यों नहीं आ रहा है फिर एसपी साहब का इस टाइम में भी मुठभेड़ जारी है कहना और संदेह को गहरा करता है। चिंतागुफा से ताड़मेटला की दूरी 7- 8 किलोमीटर होगा। इतनी दूरी से आवाज तो आता ही। खैर हम लोग वापस हुए। पुसवाडा के पास पहुंचे होंगे, तभी ताड़मेटला के पढ़े-लिखे एक लड़के का फोन आया कि आप मिनपा , एलमागुंडा कितना समय पहुंच रहे हैं? मैंने कहा कि कार्यक्रम स्थगित करके वापस जा रहा हूं इसका कारण बताया। फोन में ही वो लड़के बताने लगे कि यहां ऐसा कोई घटना नहीं हुई है, हम लोग तो यही है,ये बात सुनने के बाद मैं आचार्य पड़ गया।इसी दिन 5 सितंबर को रात 8-9 बजे फोन कर के बताया गया कि दो लड़के तिम्मापुरम सगा गये थे, वहां से वापस आ रहे थे, उनको फोर्स ने वहीं कहीं पकड़ा होगा और मार डाला। उनके नाम सोडी कोसा व रवा देवा के रूप में सामने आया और पुलिस ने दोनों के नाम देवा देवा बताया है। यह दोनों लड़के तिम्मापुरम गये थे, रवा देवा के जीजा इनको मोटरसाइकिल देकर भेजा कि हमारे लिए मछली बीज ला देना। वहां से आ रहे थे कि बीच में कहीं पकड़ करके मार डाला गया और इसे मुठभेड़ बताया गया। रवा देवा का गांव में एक छोटा सा दुकान है, और साप्ताहिक बाजार में दुकान भी लगाता था, ऐसी जानकारी मिल रही है और दोनों मृतकों के आधार कार्ड भी हैं, इसका साफ मतलब है कि ये दोनों नक्सली नहीं थे। पुलिस दोनों को एक-एक लाख का इनामी बताया है। मुठभेड़ में मार गिराने वालो के हिसाब से यह रकम बहुत कम है । यानी मामला स्पष्ट रूप से फर्जी दिखता है।परिजन और ग्रामीणों का कहना है कि मार क्यों डालें, पकड़े थे तो जेल में ही डाल देते, कम से कम जीवित तो रहते।पुलिस व फोर्स कहती है कि हम लोगों का विश्वास जीतना चाहते हैं, और इस तरह की घटना बताती है कि ये दावा सच्चाई से कोसो दूर है।भूपेश व लखमा के राज में पुलिस व फोर्स की इस निर्दयतापूर्ण घटना को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व आदिवासी महासभा कडी निंदा करती है और मांग करते हैं कि इस घटना की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही किया जाये।

## एक नजर

### पांच दशक से मंदिर में पंचमेला का प्रसाद ग्रहण करने लगती है कतार



पत्थलगांव, 8 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जन्माष्टमी के दूसरे दिन लगा भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने सैकडो लोगो की लंबी कतार लगी हुयी थी। यहा के सबसे पुराने सत्यनारायण मंदिर मे दिन बुधवार की रात जन्माष्टमी का उत्सव बडे ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया था,देर रात तक मंदिर मे हरे कृष्ण हरे राम की धुन सुनायी दे रही थी। कुनकुरी से आयी नन्ही बालिकाओ द्वारा नृत्य कर हरे कृष्ण हरे राम का जाप किया जा रहा था। रात 12 बजे लगभग श्रीकृष्ण जन्मोउत्सव धूमधाम से मनाया गया। दिन गुरूवार की सुबह सत्यनारायण मंदिर मे हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ,जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। स्वादिष्ट भंडारे मे तरह-तरह के पकवान बनाये गये। पिछले पांच दशक से सत्यनारायण मंदिर मे लगने वाले भंडारे के दौरान पंचमेला की सब्जी बनायी जाती है,जिसके स्वाद के कारण दूर-दराज से भी लोग इसे ग्रहण करने आते है। मंदिर समिती के अध्यक्ष अनिल मित्तल,कोषाध्यक्ष श्रवण अग्रवाल,चमरू अग्रवाल,राजा शर्मा,मुन्ना शर्मा,राजेश अग्रवाल,रमेश जायसवाल,आलोक गर्ग,सुनील मित्तल,सुनील गर्ग,साकेत अग्रवाल के अलावा समिती के अन्य सदस्यों ने कृष्ण जन्मोउत्सव के अलावा भंडारे की भी व्यापक तैयारियां कर रखी थी। निश्चित समय पर भंडारा की शुरूवात हुयी,जिसमे पांच सौ से भी अधिक लोगो ने एक साथ भंडारे मे बने लजीज खाना रूपी प्रसाद को ग्रहण किया।

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने पकड़कर भेजा न्यायिक रिमांड में

पत्थलगांव, 8 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शराब पीने से मना करने पर उपजे विवाद के बाद हुयी हत्या के मामले मे पुलिस को कामयाबी मिली है। कुछ दिनो के अंतराल मे ही हत्यारे को पकडकर पुलिस ने न्यायिक रिमांड मे भेजा है। मामला इस प्रकार था कि 01 सितंबर 2023 को प्रार्थी फगुराम पिता स्व. जीतु राम उम्र 75 वर्ष साकिन दुराबहार गौटियापारा थाना पत्थलगांव जबानी मर्ग इंटीमेशन चॉक कराया कि आरोपी ईश्वर राम बंजारा 31 अगस्त को प्रार्थी को शाम 04 बजे करीबन अपने घर में शराब पीने के लिये बुलाया था तभी कुछ देर बाद प्रार्थी की पत्नी सुमित्रा बंजारा अपने पति फगु राम को बुलाने के लिये ईश्वर बंजारा के यहां गई और फगु राम को ईश्वर बंजारा के द्वारा दिया हुआ शराब डाला हुआ गिलास को तुम दवाई खाते हो मत पियो बोलकर लात मार दी,जिसके बाद प्रार्थी व उसकी पत्नी अपने घर चले गये,रात्रि करीब 8 बजे बजे अपने घर का दरवाजा बंद कर घर के अन्दर थे तभी लवसिंह बंजारा अवाज दिया,प्रार्थी दरवाजा खोला तो देखा लवसिंह बंजारा के साथ में ईश्वर बंजारा भी था लव सिंह बोला कि तुम लोग मुझे गाली क्यों दे रहे हो तभी प्रार्थी की पत्नी मृतिका रामायण को लाकर कसम खाने लगी,जिसके बाद ईश्वर बंजारा प्रार्थी व उसकी पत्नी को हाथ पकड़कर घसीटते हुये बाहर ले आया। प्रार्थी को घर के बाहर बबूल पेड़ के पास छोड़ कर प्रार्थी की पत्नी सुमित्रा बंजारा को घसीट कर रोड में ले गया और आरोपी ईश्वर बंजारा किसी ठोस वस्तु से प्रार्थी की पत्नी के सिर में मार दिया चोट लगने से सुमित्रा बंजारा रोड में गिर गई और उसकी मृत्यु हो गई है,जिसकी रिपोर्ट पर मर्ग इंटीमेशन कर व आरोपी ईश्वर बंजारा के विरूद्ध अपराध धारा सदर 302,212,34 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी के गिरफ्तारी में वरिष्ट पुलिस अधीक्षक डी0 रविशंकर, अति0 पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, पुलिस अनु0 अधिकारी पत्थलगांव हरिश पाटिल के उचित मार्ग दर्शन पर थाना प्रभारी धीरेन्द्र नाथ दुबे ने आरोपी गिरफ्तारी के लिये टीम बनाकर अलग अलग ठिकानों में रेड कार्यवाही की गई,इस दौरान पता चला कि आरोपी ईश्वर बंजारा भिलाई में कहीं छिपा है,जिसे थाना प्रभारी धीरेन्द्र दुबे के नेतृत्व में भिलाई से पकड़ कर लाया गया एवं आरोपी से हत्या में प्रयुक्त पत्थर जप्त कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को भगाने एवं छिपाने में सहयोग करने वाले गुलशन बंजारा एवं कुलदीप बंजारा को भी धारा 212 भा.द.वि. के तहत गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल जप्त की गई है। हत्या के आरोपी ईश्वर बंजारा पिता स्व. पाण्डे राम बंजारा उम्र 37 वर्ष साकिन बटुराबहार गौटिया पारा थाना पत्थलगांव जिला जशपुर (छ.ग.) को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा।



# भारत जोड़ो यात्रा के एक साल पूरे होने पर निकाली रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बीजापुर, 8 सितंबर। देश के नेता राहुल गांधी ने गत वर्ष 07 सितंबर को कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी जिसका सफलत्तम एक साल पूर्ण होने पर गुरुवार को ज़िला मुख्यालय बीजापुर में ज़िला कांग्रेस ने विशाल रैली निकालकर राहुल गांधी के नफ़रत छोड़ो भारत जोड़ो का संदेश दिया। रैली की शुरुआत बीजापुर के लौहडोंगरी पार्क से शुरू की गई जो जेलबाडा मिलन चौक, डारापारा से कलेक्ट्रेट चौक होते हुए सीधे नये बस स्टैंड तक भारत जोड़ो पद यात्रा निकाली गई भारत जोड़ो पदयात्रा नये बस स्टैंड पहुँचने के बाद यात्रा सभा में तब्दील हो गई सभा को कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि जब से देश में भाजपा की सरकार बनी है तब से देश में भाजपा और मोदी सरकार एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ा रही है, एक जाति को दूसरे जाति से लड़ा रही है भाजपा और मोदी सरकार देश के असल मुद्दे बढ़ती बेरोज़गारी, बढ़ती महंगाई, बढ़ती ग़रीबी, किसानों की समस्याएँ, ग़लत जीएसटी, बढ़ती आर्थिक असमानता और लगातार देश में हो रहे निजीकरण के विषय में बात तक करना नहीं चाहती मोदी सरकार और भाजपा केवल उद्योगपतियों के लाभ के लिए ही काम कर रही है। इन सारे परिस्थितियों के देखते हुए राहुल गांधी ने देश में भरता जोड़ो पद यात्रा किया जो कन्याकुमारी से होकर कश्मीर तक गई यात्रा में देश के युवा, बुज़ुर्ग, महिलाएँ, बच्चे समेत देश के सभी वर्ग के लोगों ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा को समर्थन देते हुए राहुल गांधी के नफ़रत छोड़ो भारत जोड़ो के संदेश को जन जन तक पहुँचाए है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज देश के हर गाँव में भाजपा के नफ़रत के ख़िलाफ़ मोहब्बत की दुकाने खुल रही है। भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा होने पर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि ÷भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी ने देश में नफ़रत के ख़िलाफ़ मोहब्बत का संदेश दिया है जिसका गहरा असर देश में हुआ है आज देश की जनता ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक से भाजपा की सरकार को बहार का रास्ता दिखा दिया है मोदी सरकार और भाजपा मजबूरी में घरेलू गैस की क़ीमत कम कर रही है भाजपा और मोदी सरकार की कथनी और करनी को जनता समझ रही है आने वाले दिनों में जनता भाजपा को सबक़ सिखाने तैयार है।

## भेंडरी का मामला, दस आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज



राजिम-फिंगेश्वर, 8 सितंबर। फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम भेंडरी में बुधवार की रात गांव में गठित महिला कमांडो का दल अवैध शराब बिक्री की सूचना पर समझाइश देकर बंद कराने निकला था।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धनेश्वरी सिन्हा समेत महिला कमांडो दल के अन्य सदस्यों ने लिखित आवेदन में बताया है कि गांव के महेश साहनी के घर के सामने अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना मिली थी। जिसे बंद कराने महिला कमांडो निकली थी इसी दरमियान संजू देवार और राहुल देवार अपने 10 से ज्यादा साथियों के साथ महिला कमांडो पर हमला कर दिया अश्लील गालियां देकर धक्का-मुक्की और मारपीट की कुछ ग्रामीण बीच बचाव करने आए उनकी भी आरोपियों ने पिटाई कर दी इस घटना में लक्ष्मी साहू, सरोज, चुम्मन बाई, चमेली बाई व पुष्पा को चोंट आई है घटना के बाद पीड़ितों ने फिंगेश्वर थाने में रात को रिपोर्ट दर्ज कराई इस पर पुलिस ने संजू देवार, राहुल देवार, रामेश्वरी देवार, शुभम, परमिला, महेश साहनी, रेखा साहनी, अरुण साहनी, नंद किशोर महंत, रामू महंत समेत सहित कुल 10 आरोपियों के खिलाफ नामजद व अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 149, 294, 323 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।महिला कमांडो की शिकायत पर आरोपी बनाए गए 10 लोगों में से कुछ लोग पहले से अवैध शराब बिक्री के आरोपी हैं विवाद का कारण भी अवैध शराब बिक्री है जिसका जिक्र महिलाओं ने मौखिक रूप से थाने में किया है, दर्ज किए गए एफ आई आर में अवैध शराब बिक्री रोकने के लिए महिला कमांडो दल निकले थे, इसका कोई जिक्र नहीं है। बल्कि रोजाना की भांति भ्रमण पर निकले थे बताया गया है।

# अनुविभागीय अधिकारी ने सरायपाली के दो होटलों में की बड़ी कार्रवाई



- राजस्व अमला ने दी होटल में दबिश
- बिना लाइसेंस एवं बिना फूड सेफ्टी रेगुलेशंस के चल रहे बस स्टैंड सरायपाली के होटल में कार्रवाई
- होटल ,भोजनालय में ग्राहकों को परोसी जा रही थी मदिरा
- आगामी आदेश तक दोनों होटल सील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

महासमुंद,8 सितंबर। सरायपाली के अनुविभागीय अधिकारी श्री हेमंत नंदनवार के मार्गदर्शन में आज सरायपाली में बड़ी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान वे स्वयं मौके पर थे। श्री नंदनवार व तहसीलदार सरायपाली द्वारा राजस्व अमले के साथ बिना लाइसेंस एवं बिना फूड सेफ्टी रेगुलेशंस के चल रहे बस स्टैंड सरायपाली में स्थित दो होटलों/भोजनालयों पर छापामार कार्यवाही की गई। यहां संचालित विजय होटल एवं भोजनालय और ममता होटल एवं भोजनालय द्वारा जांच के दौरान ग्राहकों को मदिरा परोसते पाए गए। इसके अलावा विजय होटल से 18 नग 180 मिली अंग्रेजी शराब और 17 नग 180 मिली देशी शराब की बोतले तथा ममता होटल से 50 नग 180 मिली अंग्रेजी शराब तथा 15 नग 180 मिली देशी शराब की बोतलें जब्त की गई। जांच के दौरान पाया गया कि विजय होटल एवं ममता होटल भोजनालय के पास न तो किसी भी प्रकार लाइसेंस ना ही फूड सेफ्टी से संबंधित दस्तावेज पाए गए।विजय होटल एवं ममता होटल भोजनालय में निम्न स्तर की खाद्य सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा था तथा साफ सफाई का ध्यान रखे बिना संचालन हो रहा था जो की उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। जांच के दौरान यह पाया गया की विजय होटल का संचालन नगरपालिका की तीन दुकानों को नियम विरुद्ध मिलाकर एक बड़ी दुकान के रूप में संचालन किया जा रहा था।जांच पूरी होने तक विजय होटल एवं ममता होटल/भोजनालय को को सील किया गया है ।



## तेंदुए ने घर में घुस कर पिता-पुत्र पर किया हमला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 8 सितंबर। गरियाबंद के चिपरी गांव जो जगँलो से घिरा है आज सुबह 6 बजे तेंदुए ने घर में घुसकर पिता पुत्र पर हमला कर दिया जान बचाने पिता पुत्र ने तेंदुए को लाठी डंडों से भगाया शोर गुल सुनकर पहुंचे पड़ोसीयों ने भी तेंदुए को लाठी डडें से मार कर भगाया और घायलों को एंबुलेंस बुलवाकर गरियाबंद अस्पताल भेजा गया ,मगर इसके बाद घर से कुछ ही दूर पर तेंदुए की लाश पड़ी मिली।जहां एक ओर वन विभाग ने घायल पिता पुत्र को ईलाज के लिये दो-दो हजार की आर्थिक सहायता राशि देकर इलाज में मदद की है तो वही तेंदूए की मौत का कारण पता लगाते हुए कौन-कौन ग्रामीण तेंदुए को पीटने में शामिल रहे इसका पता लग रही है। वन विभाग के आला अधिकारी एस.डी.ओ. मनोज चंद्राकर एवं डी.एफ.ओ.मनीवाशगंन घटनास्थल पहुंच गये हैं और तेंदुए का पोस्टमार्टम करवा रहे हैं ।दरसअल तेन्दुआ वन अधिनियम मे शेड्यूल वन का प्राणी होने के चलते घटना घटना की गंभीरता बढ़ जाती है दरअसल तेंदुआ की घटती संख्या को देखते हुए विभाग भी इस मामले में काफी सक्रिय है।

# छात्रों ने शिक्षक दिवस पर किया शिक्षकों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजिम,8 सितंबर। संकुल केन्द्र किरवई के अंतर्गत शहीद अजय शर्मा शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला धमनी में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को पूरे भारत मे शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर धमनी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वपहल करते हुए अपने शाला के सभी शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं दीप प्रज्जवलन कर सभी शिक्षकों के द्वारा किया गया। छात्र - छात्राओं ने पुष्पाहार एवं पुष्पवर्षा के साथ शिक्षकों का अभिनंदन किया तथा केक काटकर शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। छात्राओं ने स्वागत गीत और नृत्य की प्रस्तुती दी। इस अवसर पर शिक्षक महेन्द्र पंत ने जीवन में गुरु व शिक्षक की महत्ता प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक छात्रों के भविष्य लिए एक सफलतम मार्ग प्रशस्त करता है। जिससे प्रत्येक छात्र भावी जीवन मे एक आदर्श नागरिक के रूप में स्वयं को समाज मे स्थापित कर सके। उन्होंने ने कहा कि शिक्षक अपने ज्ञान और अनुभव से प्रत्येक विद्यार्थी के भविष्य को आलोकित करना चाहता है। छात्र के सफल होने पर सबसे अधिक प्रसन्नता शिक्षक को होती है। विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा देशभक्ति एवं छत्तीसगढ़ की पारम्परिक गीत नृत्य के माध्यम से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत क्रिया गया। शिक्षकों के लिए मोमबत्ती जलाओ, कुर्सी दौड़ आदि खेल का भी आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं ने सभी शिक्षकों को कलम,श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा आठवीं के छात्र सिद्धि साहू और युवराज ढीढ़ी ने किया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला धमनी के प्रधान पाठक गोप कुमार साहू, संकुल समन्ययक सुखेन साहू, माध्यमिक शाला धमनी के प्रधान पाठक श्रीमती प्रीति नायक, शिक्षक महेन्द्र पंत, उत्तम भारती, योगेश साहू, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, पालक गण एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित थे।

# कांग्रेस सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य:दीपक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




राजिम/नवापारा,8 सितंबर। गोबरा नवापारा के कृषि उपज मंडी में आज बुधवार कांग्रेस ने संकल्प शिविर का आयोजन किया जिसमे अभनपुर विधानसभा भर के कांग्रेस कार्यकर्ता भारी संख्या मे शामिल हुए। जिनके लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। पूरे कार्यक्रम भर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद धनेंद्र साहू जिंदाबाद के नारे लग रहे थे कुल मिलाकर कहा जाये तो यह कार्यक्रम शक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम कि तरह रहा, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का आगमन होते ही गाजे बाजे के साथ उनका स्वागत किया गया।छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस कार्यक्रम मे प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी आने वाले थे लेकिन अचानक तबियत खराब हो जाने कि वजह से नहीं आ पाये,आज हम गोबरा नवापारा की पावन धरा पर हम खडे होकर संकल्प लेते है कि हम सब कांग्रेस कार्यकर्ता मिलकर फिर से छत्तीसगढ़ मे कांग्रेस कि सरकार बनायेंगे, उन्होंने कहा कि संकल्प शिविर का उदेश्य है छत्तीसगढ़ मे कांग्रेस सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजना कि जानकारी कार्यकर्ता जनता तक पहुचाये, ताकि सरकार द्वारा योजना का लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके कांग्रेस पार्टी का मकसद पाना नहीं है हमारा मकसद सिर्फ देश कि जनता कि सेवा करना है उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा भाजपा ने 15 साल तक सिर्फ प्रदेश कि जनता का शोषण किया है।भारतीय जनता पार्टी के नेता सरकार बनाने के लिए किसी भी हद तक गिर सकते है विधायक खरीद फरोख्त करना प्रदेश के नेताओ को ई डी भेजकर परेशान करना इनका काम है,भाजपा के नेता बुलडोजर चलाने कि बात पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को भाजपा के नेता यूपी,बनाना चाहते है, उन्होंने आगे कहा कि आज सदन मे अंग्रेजी चलता है हम अंग्रेजी समझ सकते है टूटी फूटी बोल सकते है क्युकी ज़ब हम पढ़ रहे थे तब स्कूलों मे अंग्रेजी नहीं चलता था लेकिन छत्तीसगढ़ मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आज जो स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कुल खोला जा रहा है निश्चित तौर पर आगे चलकर बस्तर के बच्चे भी अंग्रेजी मे बात करेंगे, बस्तर मे 23 साल तक कोई कांग्रेस से सासंद नहीं बन पाया था हाई कमान ने मुझे सासंद का टिकट दिया और बस्तर कि जनता ने कांग्रेस पार्टी पर भरोसा किया और मुझे बस्तर से सांसद बनाया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व छत्तीसगढ़ विकास का नया आयाम तय कर रहा बस्तर को लोग पहले पिछड़ा हुआ था विकास क्या होता है वहा के लोग जानते नहीं थे लेकिन छत्तीसगढ़ मे कांग्रेस सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री ने बस्तर का इतना विकास किया कि आज बस्तर विकास के पटल पर आपके सामने है, उन्होंने कहा कि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से 8 लोगो ने दावेदारी पेश कि है पार्टी जिसको भी टिकट देगी हम सबको मिलकर उसके लिए काम करना है अगर कोई गड़बड़ करता है तो वो सोच ले छत्तीसगढ़ मे फिर से कांग्रेस कि सरकार बनेगी उसके बाद दीपक बैज को सुधारना भी आता है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओ.एस. डी विनोद वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास कोई चेहरा नहीं है मुख्यमंत्री के लिये सत्ता से हटने के बाद बिन पानी के मछली कि तरह तडप रहे है भाजपा के नेता, उन्होंने केंद्र के भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र कि मोदी सरकार ने देश कि जनता से वादा किया था कि केंद्र मे भाजपा सरकार बनने पर भाजपा 2022 तक 18 करोड़ लोगो को रोजगार देने के बात कही थी लेकिन उल्टा आज 23 करोड़ लोग बेरोजगार हो गये,सत्ता मे आने से पहले केंद्र कि मोदी सरकार ने कहा था कि अगर केंद्र मे भाजपा कि सरकार बनी तो महंगाई कम कर देंगे लेकिन ठीक उसके उल्टा हो गया जो सिलेंडर कांग्रेस सरकार के समय 400 रूपये मे मिलता था भाजपा सरकार ने उसका दाम बढ़ाकर 1400 रूपये कर दिया डीजल पेट्रोल के दाम बढ़ा दिये जिसके कारण आम जनता परेशान है।

## समाचार संक्षेप

### भैरमगढ़ के एकलव्य आवासीय विद्यालय के बच्चों से कलेक्टर ने की चर्चा



बीजापुर, 8 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भैरमगढ़ प्रवास के दौरान बुधवार को कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने एकलव्य आवासीय विद्यालय भैरमगढ़ का औचक निरीक्षण कर छात्रावास, रसोई कक्ष, क्लासरुम तथा परिसर में निर्माणधीन भवनों का निरीक्षण कर निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश दिए। वहीं शिक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने क्लास रुम पहुंचे जहां बच्चों ने आवासीय विद्यालय में भोजन, छात्रावास एवं पढ़ाई के बारे में जानकारी दी, वहीं कलेक्टर ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने एवं 12वीं के बाद आगे की पढ़ाई के बारे में पूछा जिसमें बच्चों ने नीट, जेईई सहित अपने-अपने रुचि के अनुसार आगे की पढ़ाई करने की बात कलेक्टर को बतायी। कलेक्टर ने बच्चों को अपना एक निश्चित लक्ष्य बनाने और लक्ष्य के अनुरुप पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत कर लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। बच्चों के आग्रह पर कलेक्टर से आईएएस बनने का सफर को बताया कि मैं भी अपनी मेहनत और लगन से आईएएस बना हूॅं, राजस्थान के पिछड़े क्षेत्र के रहने वाला हूॅं जहां सुविधाओं की कमी रही फिर भी निरंतर प्रयास किया, एमएससी करने के बाद बीएड किया, कुछ दिन शिक्षक बना , फिर राज्य सेवा परीक्षा में दो बार चयनित होने एवं शासकीय सेवा में नौकरी करते हुए निरंतर मेहनत और लगन से प्रयास किया फिर अंतिम रुप से आईएएस की परीक्षा पास की। इसी तरह निरंतर मेहनत कर अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया और प्रतियोगी परीक्षा के लिए आनलाईन कोचिंग की व्यवस्था कराने की सहमति भी दी।

### विस्फोटक सहित 3 माओवादी गिरफ्तार



बीजापुर, 8 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना मद्देड़ क्षेत्रान्तर्गत कोरंजेड़ एवं कचालारम के जंगल में मद्देड़ एरिया कमेटी डीव्हीसीएम नागेश, प्लाटून नम्बर 02 कमाण्डर सीतू एवं अन्य 20-25 माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर दिनांक 04/09/2023 को डीआरजी, एसटीएफ, केरिपु 170 एवं 153 वाहिनी की संयुक्त टीम कोरंजेड़ एवं कचलारम की ओर निकली थी । अभियान के दौरान दिनांक 05/09/2023 को बंदेपारा के जंगल में कुछ संदिग्ध व्यक्ति पगडंडी रास्ते में कुछ लगाते हुये दिखे जिन्हे अवाज देने पर पुलिस पार्टी को देखकर भागने की कोशिश करने लगे । जिन्हे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया । जिनके पास से डेटोनेटर, जिलेटीन स्टीक, टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, इलेक्ट्रीक वायर, बैटरी एवं माओवादी साहित्य बरामद किया गया । पकड़े गये व्यक्तियों से पुछताछ करने पर अपना नाम ः1- कुम्मा एर्रा (ध्व्रचरूः सदस्य)पिता मुत्ता निवासी बंदेपारा थाना मद्देड2- राकेश वाचम (मिलिशिया सदस्य)पिता मारा निवासी कोरंजेड़ थाना मद्दे 3- वाचम जोगा (ध्व्रचरूः सदस्य) पिता मारा वाचम निवासी कोरंजेड़ थाना मद्देड़ बताया गया।पकड़े गये नक्सल सदस्यों के विरूद्ध दिनांक 06/09/2023 को थाना मद्देड़ में वैधानिक कार्यवही उपरान्त दिनांक 07/09/2023 को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया ।

### आवासहीन परिवारों को मिलेगा आवास



बीजापुर, 8 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रधानमंत्री आवास में छूटे आवासहीन परिवारों के लिए एक बड़ी खुशखबरी निकलकर आ रही है। ऐसा हम इसलिए कह रहे है चूंकि उन परिवारों को अब छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण आवास न्याय योजना अंतर्गत उनके सपनों का आवास उपलब्ध कराएगी। इसके लिए पूरी कार्ययोजना तैयार कर इस पर अमल भी शुरू कर दिया गया है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रवि कुमार साहू ने बताया कि 6 सितंबर को पंचायत एवं ग्रामीण विभाग की राज्य स्तर से वीडियो कांफ्रेंस रखी गई। जिसमे जिले में 1106 हितग्राहियों को चिन्हाकन किया गया है जिनका दस्तावेज संकलन कर पोर्टल में एंट्री एवं 13 सितंबर से 15 सितंबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर पात्र/ अपात्र की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जावेगी। इसके। इसके पश्चात जिले से स्वीकृति प्रदान कर प्रथम किस्त की राशि ?25000 जारी करते हुए इस प्रकार कुल 4 किस्तों में ?130000 की राशिजारी कर अपने ही आवास में कार्य करने हेतु मनरेगा से मजदूरी भुगतान भी किया जाएगा।

### इंटरनेशनल खिलाड़ियों का नगर पहुंचने पर स्वागत

बीजापुर, 8 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ज्ञात होगी कि चीन में आयोजित अंडर 18 वूमेन एशिया कप 29 अगस्त से 3 सितंबर तक आयोजित थी जिसमें भारतीय टीम का दल उक्त प्रतियोगिता में शामिल हुआ था भारतीय टीम के दल में छत्तीसगढ़ राज्य बीजापुर जिले के दो खिलाड़ी एवं बीजापुर जिले के श्रम निरीक्षक को भारतीय टीम का कोच बनाया गया था जिनका बुधवार को सुबह बीजापुर आगमन हुआ जिसमें खिलाड़ियों के द्वारा स्वागत किया गया। वहीं स्थानीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मांडवी एवं कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार कटारा जिला पंचायत सीईओ रवि कुमार साहू एवं खेल प्रभारी अधिकारी श्री दिलीप उईके ने अकादमी की उपलब्धि में हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की ।



### बैठक में कई विषयों पर की गई चर्चा

बीजापुर, 8 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालन समिति श्री राजेन्द्र कुमार कटारा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालन समिति की समीक्षा बैठक बुधवार को भैरमगढ़ के एकलव्य आवासीय विद्यालय में आयोजित हुआ। जिसमें जिले के चारों ब्लाक के एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य विशेष रुप से उपस्थित थे। इनके अलावा समिति के सदस्य सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यपालन अभियंता विद्युत एवं कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, बीएमओ सहित संबंधित विभाग के जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न एजेंडा पर विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री कटारा ने सभी आवासीय विद्यालयों के मांग के अनुरुप कम्प्यूटर ,फर्नीचर, प्रोजेक्टर, टीवी, पेयजल हेतु हेंडपंप, सोलर ड्यूल पंप, सोलर इनवर्टर, एसी, कम्प्यूटर लैब, लाईब्रेरी, लैब की सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### योगाचार्य मिथलेश सिन्हा को स्वच्छता का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया

छुरा, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।



भारतीय स्वच्छता लीग के तहत स्वच्छ छुरा सुंदर छुरा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा को स्वच्छता का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। गरियाबंद पी आई यू शेखर दुबे जी ने उनके लगातार नौ वर्षो से योग की नि:स्वार्थ सेवा को देखते हुए उन्हें ब्रांड एम्बेसडर बनाया। उन्हें शीतल ध्रुव, हीरालाल साहू, विमल पुरोहित, हेमंत सिन्हा, भोला पांडे, नामेश साहू, कमलेश सिन्हा, के साथ इष्ट मित्रों एवं परिवार जनों ने उन्हें बधाई दी।

### कांग्रेस का सनातन विरोधी चेहरा बेनकाब:संदीप शर्मा

छुरा, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कांग्रेस के



गठबंधन के सहयोगी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के पुत्र उदयनिधि के आपत्तिजनक बयान पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा है कि स्टालिन के बेटे ने सनातन हिंदू धर्म की तुलना डेंगू मलेरिया और कोरोना से करते हुए सनातन धर्म का अपमान करने का दुस्साहस किया है।स्टालिन की पार्टी और कांग्रेस दोनों ही घमंडिया ( I. N. D. I. A) गठबंधन के सदस्य हैं। स्टालिन पुत्र इस तरह के बयान अपने गठबंधन के बड़े घटक कांग्रेस के सहमति के बिना नही दे सकते। सनातन, हिन्दू, और हिंदुत्व को लेकर कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी के बयान हमेशा नकारात्मक और निंदनीय रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता संदीप शर्मा ने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल से पूछा है कि वे बताएं, स्टालिन पुत्र के बयान पर कितने सहमत हैं, क्या वे भी सनातन को डेंगू, मच्छर मलेरिया मानते हैं? स्टालिन पुत्र के बयान के बाद कांग्रेस की चुप्पी को क्यों न कांग्रेस की मौन सहमति मानी जाय? शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने कभी हिन्दू आतंकवाद, कभी भगवा आतंकवाद की थ्योरी गढ़ी तो कभी जय श्रीराम के उद्घोष पर भी आपत्ति की है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री कालनेमि की भांति राम राम की जाप करते हैं तो कभी घोर सनातन विरोधी स्टालिन के पुत्र के बयान को मौन समर्थन करते हैं। स्टालिन पुत्र के बयान का इस प्रकार मौन समर्थन करना तथा सनातन विरोधियों के गठबंधन में चिपके रहने से कांग्रेस का सनातन विरोधी चेहरा एक बात फिर बेनकाब हो गया है। आने वाले विधान सभा और लोकसभा चुनाव में देश की जनता कांग्रेस सहित घमंडिया गठबंधन के सभी दलों को जमीदोंज कर देगी।

### तिल्दा नेवरा में नौ सितंबर को लगेगी नेशनल लोक अदालत

तिल्दा-नेवरा, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। तिल्दा नेवरा में 9 सितंबर को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत की सूचना प्रकाशन की गई है राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेश अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर जिला न्यायाधीश रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार 9 सितंबर 2023 को नेशनल लोक अदालत आयोजित किया जाना है उक्त लोक अदालत में सिविल प्रकरण डांडिक प्रकरण मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण बैंक लोन संबंधित प्रकरण विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरण एवं अन्य विविध प्रकार के प्रकरण का निराकरण सफलतापूर्वक एवं समय अनुसार सुगमता पूर्व किया जा सकता है नेशनल लोक अदालत आयोजन स्थल व्यवहार न्यायालय तिल्दा जिला रायपुर छत्तीसगढ़ दिनांक 9 सितंबर 2023 दिन शनिवार है आम नागरिक जिनका कोई प्रकरण न्यायलय में है वे अपना प्रकरण के लिए नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर लाभ अर्जित कर सकते है।

### बाट-तराजू सत्यापन के लिए शिविर का आयोजन 13 सिंतबर तक

भाटापारा, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नापतौल विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भाटापारा एवम आसपास क्षेत्र के व्यापारियों के लिए सत्यापन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में व्यापारियो द्वारा उपयोग किए जाने वाले बांटङ्क माप, तराजू, इलेक्ट्रोनिक तौल यंत्र आदि का सत्यापन किया जायेगा।शिविर का आयोजन जनक नंदिनी धर्मशाला, माता देवालय वार्ड भाटापारा में 8 से 13 सितंबर तक किया जाएगा। सभी व्यापारियों को विभाग द्वारा पृथक से सूचना दिया जा चुका है।निरीक्षक दामोदर वर्मा ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि उपयोग किए जा रहे बांट माप, तराजू, इलेक्ट्रानिक तौल यंत्र का सत्यापन अवश्य कराएं।

# नन्हे बच्चे बनेंगे राम-लक्ष्मण और हनुमान, ऐतिहासिक संवादों से सजाएंगे मंच

## 15 अक्टूबर से नारद मोह की लीला से आरंभ होगा रामलीला का मंचन, 6 महीनों से वरिष्ठ एवं छोटे कलाकार कर रहे अभ्यास, दानी मौरध्वज की होगी विशेष प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 8 सितम्बर।** भाटापारा की एतिहासिक प्राचीन परंपराओ का निर्वहन करते हुए आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के द्वारा प्रतिवर्ष नवरात्री के पावन समय पर भगवान राम के आदर्श चरित्र के चित्रण का मंचन रामलीला मैदान पुराना गंज शंकर वार्ड मे किया जाता है जिसको 103 वर्ष पुर्ण हो चुके है और 104 वां वर्ष सन 2023 मे 15 अक्टुबर से रामलीला मंचन आरंभ किया जाएगा जिसके लिए पिछले 6 महिनो से रामलीला कार्यालय जो रामलीला मैदान मे स्थापित है वही नन्हे एवं वरिष्ठ कलाकारो के द्वारा बड़ी मेहनत से रामलीला का अभ्यास जारी है जिसमे संगीत के जानकार रामलीला समिति के वरिष्ठ प्रकाश शर्मा और अभिनय कला प्रशिक्षक कोमल शर्मा के द्वारा प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक किया जा रहा है। नन्हे बच्चे भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान के साथ तुलसीदास रचित रामचरित मानस के साथ अनेक



साहित्यो से तैयार रामलीला के पात्रो की जीवंत प्रस्तुति देने की तैयारी कर रहे है। वही इस वर्ष रामलीला मंचन के समय दानी मौरध्वज जैसे नाटको का विशेष मंचन भी किया जाएगा। भाटापारा के इस रामलीला की विशेषता यहाँ का इतिहास, साहित्य और नन्हे बच्चो के द्वारा सैकड़ो पन्नो के पाठ मुखाग्र कंठस्त कर उनका मंचन देना है। भाटापारा की रामलीला अंग्रेजो के समय से धर्म एवं सतातन संस्कृति का प्रचार कर रही है जिसकी स्थापना सन 1920 मे की गई थी।

जिसको वर्तमान मे पिछले कई वर्षो से संदीप मल, प्रकाश शर्मा, सुर्यकांत शुक्ला, बजरंगलाल चौरसिया, धन्जी जोशी, जगदीश वैष्णव, कोमल शर्मा, हेमंत मल, कैलाश पुरोहित, लाला शर्मा, मनोज गुप्ता, रोहित तिवारी, अभिनय तिवारी, आयुष तिवारी एवम अन्य सहयोगियों के द्वारा संचालन किया जाता है। नगर के जनप्रतिनिधी विधायक शिवरतन शर्मा, मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, छाया विधायक सुनील माहेश्वरी, श्रम विभाग सदस्य सतीश अग्रवाल सहित नगर के व्यापारीगण, पत्रकार, सभी जनप्रतिनिधीयो एवं नगर पालिका व विभागों के द्वारा आवश्यकतानुरूप अथक सहयोग नगर की लीला मंचन के समय आदर्श रामलीला नाटक मंडली को प्राप्त होता है। जिनका संस्था आभार व्यक्त करते हुए सहयोग की भावना रखती है।

### कचना धुरवा महाविद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

# शिक्षक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा

## विद्यार्थियों ने कहा-हमें एक अवसर मिलता है अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता जाहिर करने का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 8 सितम्बर।** शिक्षक दिवस के मौके राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले स्थानीय कचना धुरुवा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओ ने शिक्षकों को सम्मानित किया। इस मौके पर महाविद्यालय सभा हाल में पढ़ने वाले नये और पुराने सभी छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। छात्रों ने अपने शिक्षकों से सीखी बातों का जिक्र करते हुए कहा कि हमें एक अवसर मिलता है जिसमें हम अपने गुरु के प्रति सम्मान को जाहिर कर सकते हैं। हम उन्हें बता सकते हैं कि आप हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण हिस्सा रखते हैं। कई मौकों पर आप गुरुजनों ने हिम्मत दिया।

### शिक्षकों को किया सम्मानित

इस मौके पर छात्रों-छात्राओं ने शिक्षकों को फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मान किया। प्राचार्य डॉ डी के साहू ने समय के साथ शिक्षा के क्षेत्र मे हो रही परिवर्तन एवं शासन की योजनाओं के अनुरुप ढलने की बात कही।



उन्होने कहा कि आपका स्नेह है कि इस दिन को इतना खास बना दिया है। मैं सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देता हूं कि वह आज इस मौके पर उपस्थित हुए और इस दिन को खास बनाया।शिक्षिका निर्मला यादव ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन को खास बनाने के लिए सभी छात्र-छात्राओं का शुक्रिया किया।उन्होने अपने विचारो से सर्वपल्ली डॉ राधा कृष्णान के विचारो पर प्रकाश डालते हुए एक महान दार्शनिक व्यक्तित्व से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।वही कार्यक्रम को प्रबंधन समिति के सदस्य तेजस्वी यदु, ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ज्ञान विज्ञान के साथ साथ जीवन मे आध्यात्मिकता को महत्व देना चाहिए विज्ञान भी अध्यात्म के बिना लंगड़ा है। प्राध्यापक तरूण निर्मलकर, विनोद यादव, पवन कुमार यादव, रासेयो कार्यक्रम आधिकारि आर आर कुर्रे, कैलास साहू, सुश्री आरती साहू ने शिक्षक दिवस को यादगार बनाने के लिए बधाई देते सभी ने अनुभव साझा किए और बताया कि आज वह जिस भी मुकाम पर पहुंचे है, वह मात पिता की आशीर्वाद और गुरुजनों का मार्ग दर्शन है। उन सभी शिक्षकों ने गुरु शिष्य की परम्परा का निर्वाहन एवं मर्यादाओं को जीवन में अपनाकर समाज एवं राष्ट्र के विकास में सहायक बनने की बात। छात्रों-छात्राओं ने कई शानदार प्रस्तुति भी दी। एवं सभी शिक्षकों का शाल, फल, व कलम भेट कर सम्मान किया।

## समाचार संक्षेप

### चैंपियन मार्शल आर्ट अकेडमी में हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता



भाटापारा, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। गौरा बाई बाल मंदिर स्थित चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी में कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया आरंभ बाल मंदिर स्थापित कृष्ण की मूर्ति की परिक्रमा एवम् पूजन करके किया गया तत्पश्चात उक्त कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया जिसमें बालिका, अर्या गोयल, ऋचा यादव, एवम्, अनुपमा सोनी ने मटकी फोड़ कर बालिकाओं ने मारी बाजी और प्रशिक्षक में हर्ष देवांगन ने दही हांडी मटकी फोड़ी एवम् बहुत हर्षोल्लास के साथ कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया जिसमें बलौदा बाजार भाटापारा जिला कराते संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान के दिशा निर्देश में कार्यक्रम किया गया और चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के सचिव नेमीचंद साहू, महेश राजपूत, धनंजय पांडेय योगेश कुर्रे, विक्रम सिंह चौहान एवम् अकेडमी के सारे बच्चो द्वारा दही हांडी लूट का आयोजन पूर्ण किया गया।

### किरवईबजार में मटकी फोड़ प्रतियोगिता के साथ मूर्ति की स्थापना



सिमगा, 8 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम किरवईबजार में आज दही लूट यूवा समिति के तत्वाधान में 8 वर्षों प्रतिवर्ष हांडी मटका फोड़ का कार्यक्रम एवं मूर्ति स्थापना रखा गया है गली भ्रमण किया गया जिसमें कांग्रेस भाजपा जोगी पार्टी के सभी प्रमुख बड़े नेता पहुंचे हुए थे सर्वप्रथम भाटापारा निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल जिला पंचायतउपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर कृषि उपज मण्डी अध्यक्ष शुसील शर्मा प्रदेश अध्यक्ष किसान कोंगेश रामविलास साहू जनता कोंग्रेश पार्टी जीतू बंजारे एवम भाजपा के भटपारा विधायक



शिवरतन शर्मा जी। साथ में मिश्रा हिरेंद्रे कोसले कमलेश साहू महेंद्र सेन चंद्रमणि तिवारी कमलेश साहू मनोज टोंड सभी का दही लूट युवा समिति के संचालक एवम सरछक हेमलाल साहू और अध्यक्ष हनुमत निषाद उपाअध्यक्ष इंद्रम्न साहू पूर्व अध्यक्ष मुरली साहू सचिव नोहर साहू टिकेश मंसाराम पंडित प्रकाश शर्मा डोमार हेमंत विक्की विक्की मानिकपुर प्रहलाद मिस्रा उमेश निषाद ठाकुर नेतराम संतराम डेरहा वीरू साहू ऋषि साहू डकेश देवांगन 75सदस्यो का इस समूह हैं बड़ा ही भाबाय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### नव मतदाता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

# युवाओं को आगे आने की जरूरत:गौरीशंकर अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 8 सितम्बर।** आज समय की मांग है युवा नेतृत्व। समय के बदलने से आज तकनीक भी बदल रही है, लोग पहले खेत जोतने के लिए हल चलाते थे आज यह काम ट्रैक्टर से लिया जा रहा है। इसी प्रकार छतीसगढ़ राज्य का नेतृत्व करने के लिए युवा वर्ग को आगे आना चाहिए। उक्ताशय का विचार आज मंगलवार 5 सितम्बर को लवन नगर में भारतीय जनता युवा मोर्चा विधानसभा क्षेत्र कसडोल के कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित नव -मतदाता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ पद्मश्री अनुज शर्मा ने भारी संख्या में उपस्थित भाजयुमो कार्यकर्ताओं एवं नव -मतदाता युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने कार्य में सफल होने के लिए जुनून के साथ विनम्रता की भी जरूरत है।

हम हमेशा अपने हितों की रक्षा के लिए लड़ते आए हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे। अनुज शर्मा ने केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदेश की कांग्रेस सरकार की विफलताओं को जन- जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। गौरीशंकर अग्रवाल एवं अनुज शर्मा ने भारी संख्या में आए नव -मतदाताओं का भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किए। सर्वप्रथम उन्होंने भारत माता व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत रुप से शुभारंभ किए। आज के इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल छालीवुड के सुपरस्टार पद्मश्री भाजपा नेता अनुज शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉक्टर अजय राव, भाजयुमो संभाग प्रभारी रोहित महेश्वरी, जिला प्रभारी विकास मित्तल, जिला सह प्रभारी प्रवीण साहू, विधानसभा प्रभारी हेमंत साहू, जिला पंचायत के सदस्य नवीन मिश्रा आदि मौजूद थे।



# 6 लीटर अवैध शराब के साथ महिला गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 सितम्बर।** जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र. 678/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। मामला इस प्रकार है कि 7 सितम्बर को मुखबीर की सूचना पर आरोपिया शांती बाई जांगडे पति लखन जांगडे (50) साकिन इंदिरा कालोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदा बाज़ार भाटापारा छ0ग0 के पास से भारी मात्रा में शराब रखने की सूचना पर घेराबंदी कर पकडे 25 नग प्लेन शराब एवं 12 नग गोवा स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल जुमला 6.660 बल्क लीटर किमती 3440 रूपये को को जप्त किया गया आरोपियो के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया जाकर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202308092200056**

विषय:- अ-6
मामले की श्रेणी :- राजस्व
सन्:-2022-2023

डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सुधान्शु कांत बख्शी,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधान्शु कांत बख्शी पिता चन्द्रकांत बख्शी जाति कायस्थ उम्र 48 वर्ष निवासी गांधी वार्ड नम्बर 19 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि ग्राम डोंगरगढ़ प.ह.न. 25 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 1881 में स्थित ख.न. 87/4 रकबा 0.263 हे. भूमि सुधान्शु कांत, उषा, सुवर्णा पिता चन्द्रकांत जाति कायस्थ सा. डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी/सहखातेदार उषा बख्शी की मृत्यु दिनांक 26.09.2021 को हो चुकी है। अतः आवेदक द्वारा उक्त आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख पर से भूमिस्वामी/मृतकों का नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है ।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 11.09.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202309092200001**

विषय:- अ-6
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2022-2023

बोरतलाव प.ह.न. 00027 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-बिराजो बाई,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बिराजो बाई पति स्व. गैंदलाल उम्र 60 वर्ष जाति महार निवासी ग्राम बोरतलाब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम बोरतलाब प.ह.न. 27 स्थित खाता क्रमांक 174 ख.न. 171/2 रकबा 0.607 हे. कृषि भूमि जनकलाल पिता गैंदलाल जाति महार सा. बोरतलाब के नाम दर्ज व स्थित है। उक्त भूमि को स्वर्गीय गैंदलाल ने अपने पुत्र/भूमिस्वामी जनकलाल के नाम पर खरीदा था। जनकलाल की मृत्यु 27.02.2010 को बोरतलाब में हो गई थी, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र आवेदन पत्र में पृथक से संलग्न है। उक्त भूमि स्वरूप पैतृक है। इस कारण वश स्वर्गीय गैंदलाल के वारिसान का नाम उक्त आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20.09.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/09/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ....................
अ/2 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक लुकेश वर्मा आ गणेश जाति लोधी निवासी ग्राम बिच्छीटोला तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनादगांव (छ.ग.). द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि प.ह.न. 40 ग्राम बिच्छीटोला रा.नि.म लालबहादुर नगर में खसरा नं. 431/1 रकबा 0.55 एकड़ भूमि स्थित है। उक्त भूमि ख. नं. 431/1 रकबा 0.55 एकड़ में से 0.06 डिस. को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन किये जाने बावत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना नक्शा-खसरा बी-1 की छायाप्रति पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 20/09/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 31/8/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ (छ.ग.)

### शिक्षक दिवस पर रात्रे ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को शाल,श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

# समाज की दशा और दिशा बदलता है शिक्षक : देवसिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 8 सितम्बर।** शिक्षकों का स्थान माता-पिता से भी ऊपर है, माता-पिता जन्म देता है लेकिन सही गलत का फर्क हमें शिक्षक ही समझता है, छात्रो को ही नहीं अपितु पूरे मानव समाज को मार्गदर्शित करता है और समाज का दशा और दिशा बदलता है उक्त बातें शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि लघु वनोंपज ( व्यापार एवं विकास ) देवसिंह रात्रे ने अपने निजी कार्यालय में शिक्षक



सम्मान समारोह में कहा।

श्री रात्रे ने आगे कहा कि शिक्षक दिवस छात्रों के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह उन गुरुओं का सम्मान करता है जिन्होंने अपने समर्पण और ज्ञान के माध्यम से अनगिनत लोगों के जीवन को आकार दिया है, शिक्षकों का स्थान माता-पिता से भी ऊपर है माता-पिता जन्म देता है लेकिन सही गलत का फर्क हमें शिक्षक ही समझता है। छात्रों को ही नहीं अपितु पूरे मानव समाज को मार्गदर्शित करता है, समाज में अपने अमूल्य ज्ञान और समय देकर समाज का दशा और दिशा बदल देते है। इस अवसर पर एम आर खान, मोतीलाल साहू, किशन, धीतेश, टंकेश्वर मरकाम, हेमंत कंवर, भुवन लाल ठाकुर, राजकुमार लहरे, डाहरू कोशले, रेवेंद्र दीक्षित, तुकेश्वर साहू.धनंजय कुमार वर्मा, रोहित नेताम, ममता ठाकुर, श्याम कुमारी नेताम, युमिता साहू, लूनेश्वरी दीवान, सुनील राजपूत का साल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा.एस पी प्रजापति, यशवंत यादव पत्रकार, अशोक दीक्षित, परमेश्वर राजपूत पत्रकार आदि ने संबोधित किया।

# जी-20 प्रतिनिधिमण्डल के स्वागत की तैयारियां तेज

## राजधानी रायपुर में 18 व 19 को छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति से होंगे अवगत

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 8 सितम्बर।** भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए राष्ट्रप्रमुखों का आना शुरू हो गया है। अब उनके प्रतिनिधि के रूप में एक शिष्टमंडल 18-19 सितम्बर को रायपुर आएगा। यहां पर नई राजधानी में विशेष रूप से सजावट की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि जी-20 के शिखर सम्मेलन को सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित न रखा जाए। इसलिए उन्होंने राज्यों में शिष्टमंडल भेजने की योजना बनाई है। ये सभी भारत की एकता एवं अनेकता से




रूबरू होंगे। मुख्य सचिव अमिताभ जैन के निर्देश पर विदेश से आने वाले शिष्टमंडल के स्वागत एवं अन्य तैयारियों के लिए संस्कृति विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। नगर निगम रायपुर द्वारा आकर्षक लाईटें लगाई जा रही है। पीडब्ल्यू विभाग द्वारा सड़कों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। छग की कला व संस्कृति को दिखाने के लिए अनेक मॉडल बनाए जा रहे हैं।

शासकीय प्रवक्ता के अनुसार विदेश से आए प्रतिनिधियों को राजधानी के एक निजी होटल में ठहराया जाएगा। उनके खाने-पीने एवं ठहरने की उत्तम व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा मानकों का पालन किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर उन्हें विभिन्न पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण कराया जाएगा। सिरपुर, कौशिल्या देवी मंदिर जाने का प्रस्ताव है। छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति से भी अवगत कराने के लिए स्थानीय लोकनृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे।



रायपुर 8 सितंबर। इंदिरागांधी वार्ड में रेलवे स्टेशन के पास सड़क ने तालाब का रूप ले लिया है। बारिश का पानी सड़क के बीचों-बीच एक बड़े हिस्से में जमा हो गया है। नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा ने बताया कि सड़क पर बने तालाब में जानवर नहा रहे हैं। मछली पालन का भी विचार है। महापौर व पार्षद को ज्ञापन देने के बाद भी इस स्थान पर नाली नहीं बनाई गई है।

## एक नजर

### आशीर्वचन व प्रमाण पत्र वितरण 9 सितम्बर को

**रायपुर 8 सितंबर।** राष्ट्रीय विद्यालय समिति द्वारा संचालित श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय बाल आश्रम परिसर, कचहरी चौक में नव प्रवेशित छात्राओं को आशीर्वचन एवं सिलाई प्रशिक्षित छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन 9 सितम्बर को दोपहर 3 बजे महाविद्यालय प्रांगण में किया जाएगा। मुख्य अतिथि रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल होंगे। अध्यक्षता अजय तिवारी अध्यक्ष शासकीय निकाय करेंगे। यह जानकारी प्राचार्य डॉ. संगीता घई ने दी है।

### दो नाबालिग लड़किया लापता

**रायपुर, 8 सितंबर।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो नाबालिग लड़कियां लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय प्रार्थिया ने गंज थाना में शिकायत किया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री 6 सितंबर से गायब है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। इसी तरह दूसरे मामले में 60 वर्षीय प्रार्थी ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री 24 अगस्त से लापता है।

### युवक ने पिता से की मारपीट

**रायपुर, 8 सितंबर ।** शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर एक युवक अपने पिता से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जमीर अहमद 60 वर्ष सुभाष नगर गंज का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी का लड़का आरोपी समीर अहमद ने प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। प्रार्थी द्वारा नहीं देने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 506, 323, 327 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो भाई आपस में भिड़े

**रायपुर, 8 सितंबर।** सतनामीपारा गुढियारी में दो सगे भाई आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पख से प्रार्थिया प्रीति सेन 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी देवर वेदप्रकाश सेन 34 वर्ष ने उसके पति नरेश कुमार सेन से गाली-गलौज कर हसिया से मारकर चोट पहुंचाया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी वेदप्रकाश सेन ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी नरेश कुमार सेन ने शराब के नशे में

### जी-20 शिखर सम्मेलन से देश के व्यापार में वृद्धि होने की उम्मीद

**रायपुर 8 सितंबर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन, जो कि नई दिल्ली में आयोजित होने वाला अपनी तरह का अनोखा अंतर्राष्ट्रीय आयोजन है, भारतीय व्यापार के लिए कई बेहतर रास्ते खोलेगा और देश भर के व्यापारी शिखर सम्मेलन में लिए जाने वाले निर्णयों का उत्सुकता से इंतजार करेंगे - कहा, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने । कैट ने आगे कहा, हम वित्तीय समावेशन और डिजिटल प्रौद्योगिकी की स्वीकृति और कराधान नीतियों में सुधार पर कुछ रणनीतिक निर्णयों की उम्मीद करते हैं, जिसका न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में एसएमई व्यापार के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेष अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोषी ने बताया की आयोजन के दौरान और बाद में जी-20 शिखर सम्मेलन के विभिन्न निर्णयों का अध्ययन तथा उन्हें समझने एवं उन्हें भारत के व्यापारिक समुदाय के बीच फैलाने के लिए, कैट ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी. भरतिया के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया है।

### संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने नफरत छोड़ो भारत जोड़ो यात्रा निकाली

**रायपुर, 8 सितंबर ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के एक वर्ष पूर्ण होने पर रायपुर पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय ने गुरुवार को अपने विधानसभा के सभी ब्लॉकों में नफ़रत छोड़ो भारत जोड़ो यात्रा निकाली। आज की यह भारत जोड़ो यात्रा रायपुर पश्चिम विधानसभा के सरदार वल्लभभाई पटेल ब्लॉक, नेताजी कन्हैयालाल बाजारी ब्लॉक, और शहीद भगतसिंह टाटीबंध ब्लॉक में निकाली गई, जिसमें विधायक विकास उपाध्याय के साथ रायपुर शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष गिरीश दुबे भी शामिल हुए और क्षेत्र के सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नफ़रत छोड़ो भारत जोडो यात्रा में हिस्सा लिया। विकास उपाध्याय ने बताया कि, भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी ने पैदल चलकर देश को संदेश देने का काम किया।अनेकता में एकता का, आपसी सद्भाव, देशप्रेम, भाईचारा रहे, हर धर्म हर वर्ग के लोग आपस मे मिलजुल कर देश निर्माण में अपना सहयोग दे, इस खूबसूरत संदेश को लेकर राहुल गांधी ने आज ही के दिन 7 सितंबर को कन्याकुमारी से यात्रा का शुभारंभ किया था। इस यात्रा में हमारे नेता राहुल गांधी को हर वर्ग का अभूतपूर्व समर्थन मिला था। हमारे देश को विभाजित करने वाले आर्थिक , सामाजिक, राजनीतिक मुद्दों के खिलाफआवाज उठाने वाले लाखों लोगों ने इस आंदोलन में अपनी भागीदारी दी थी और भारत को संदेश दिया था कि अगर देश में सामाजिक समरसता लाना है तो हम सब भारतवासी को साथ चलना पड़ेगा।

## धान खरीदी : नए निर्देशों से किसान परेशान

### केवायसी के अलावा नॉमिनी भी बनाना पड़ेगा

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 8 सितम्बर।** प्रदेश में चालू वर्ष में धान खरीदी के लिए खाद्य विभाग द्वारा नए नियम बनाए गए हैं। इन नियमों के कारण किसान खासे परेशान हैं। वे सहकारी समितियों के चक्कर काट रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार अपेक्स बैंक, कृषि एवं खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी को लेकर पूरी प्रक्रिया की जाती है। कृषि विभाग के ग्रामीण विस्तार अधिकारी धान खरीदी करने वाले किसानों के ऋण पुस्तिका, बी-1, खेती का रकबा एवं अन्य दस्तावेजों की जांच करते हैं। वहीं किसानों को केवायसी के तहत आधार कार्ड, पेन कार्ड देना होगा। इस समय धान खरीदी के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम शुरू किया जा रहा है। इसके तहत किसान को स्वयं ही सहकारी समिति में आना पड़ेगा तथा अंगूठा लगाना पड़ेगा। किसान को यह भी बताना होगा कि यदि वह नहीं आ सकेगा तो उसके बदले में उसका उत्तराधिकारी कौन होगा। राज्य में इस समय किसानों की समस्या को देखते हुए शासन द्वारा विभिन्न कठिनाईयों को दूर



करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यदि बायोमेट्रिक्स में अंगूठा का प्रमाणीकरण नहीं होगा तो उसके लिए एक अलग से अधिकारी इसे प्रमाणित करेगा। कृषि विभाग के अनुसार विभिन्न सहकारी समितियों में यह कार्रवाई फिलहाल जारी है लेकिन अवकाश होने के कारण इसमें विलंब हो रहा है। शासन द्वारा धान खरीदी में बोनस की सीमा बढ़ा दी गई है इसलिए अब किसान इस कार्य मे रुचि ले रहे हैं। सभी सहकारी समितियों में किसानों की भीड़ लगी हुई है। पैसा मिलने के कारण इस समय बटांकन और नामांतरण भी हो रहा है जिसके चलते यहां पर पटवारी तथा तहसीलदार चांदी काट रहे हैं।

## नोटरियों का कार्यकाल नहीं बढ़ाने से रोष

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 8 सितम्बर।** जिला एवं सत्र न्यायालयों में विभिन्न न्यायालयीन कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नोटरियों के कार्यकाल नहीं बढ़ाए जाने से अब वे अपनी रोजी-रोटी को लेकर चिंतित हैं। मिली जानकारी के अनुसार सिर्फ रायपुर में ही 200 से अधिक नोटरी कार्यरत हैं। वे न्यायालय के अंतर्गत विभिन्न दस्तावेजों को तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं। न्यायालयों में तथा अन्य कार्यों के लिए दस्तावेजों का प्रमाणीकरण करने में इनकी भूमिका होती है। राजस्व में ऋण पुस्तिका बनाने, नया मीटर कनेक्शन, मकान मालिक को किराया देने, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा अन्य कार्यों में वे हस्ताक्षर करते हैं। शासन द्वारा उन्हें अधिकृत किया जाता है। नोटरियों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से नोटरी यहां पर कार्यरत हैं। नगर के नेता विधायक हैं उनके विधि विधायी मंत्री बनने से नोटरियों की संख्या बढ़ गई है। नोटरियों ने बताया कि उनका कार्यकाल निर्धारित रहता है। विधि विधायी विभाग द्वारा उनका कार्यकाल बढ़ाया जाता है। कोर्ट में स्टाम्प वेंडर एवं अर्जीनवीस भी कार्य करते हैं लेकिन ये सभी अलग-अलग विभागों से संबंधित रहते हैं। विधि विधायी विभाग द्वारा मिली जानकारी अनुसार वर्तमान में नोटरियों की नई नियुक्तियों के लिए नए मापदण्ड बनाए गए हैं।

## सरोज पांडे के सवालों पर कांग्रेस ने कहा मोदी से सवाल पूछने का साहस दिखाएं

**रायपुर 8 सितंबर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे को कांग्रेस अध्यक्ष से सवाल पूछने के बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछना चाहिये कि वो इंडिया से इतना डर क्यों रहे है? देश के नाम इंडिया से मोदी को अचानक इतनी नफरत क्यों हो गयी है? देश की जनता वर्षों से भारत, इंडिया और हिंदुस्तान के नागरिक के रूप में अपने आपको गौरवान्वित महसूस करती रही है, फिर भाजपा देश के नाम में ही यह भेद क्यों कर रही है? भाजपा हमेशा फूट डालो में ही क्यों भरोसा करती है? धर्म से धर्म के बीच, वैमनष्यता फैलाते-फैलाते अब देश के नाम पर नफरत फैलाने की साजिश क्यों? देश में ही इतनी घृणा क्यों फैला रही है भाजपा? सरोज पांडे भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उन्हें राजस्थान में महिला के साथ अत्याचार पर सवाल तो खड़ा कर रही है लेकिन उन्हें मणिपुर में निर्वस्त्र घुमाई जा रही महिलाओं की पीड़ा नजर नहीं आती है? राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है क्या उनका यह दायित्व नहीं बनता की वह महीनों से जल रहे मणिपुर की महिलाओं की आवाज उठायें। सरोज पांडे अपनी राजनीति चमकाने के लिये छत्तीसगढ़ को बदनाम करना बंद करें। छत्तीसगढ़ में महिलायें पूर्ववर्ती रमन राज और वर्तमान में किसी भी भाजपा शासित राज्य की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों में 68 प्रतिशत की कमी आई है। मणिपुर की घटना के लिये देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री महिलाओं से माफी क्यों नहीं मांग रहे है?



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से डरी हुई है। उनकी योजनाओं का उनके कद का मुकाबला करने में भाजपा सक्षम नहीं इसीलिये भाजपाई हमेशा उनके खिलाफ दुष्प्रचार करते है। ईडी, आईटी की तमाम झूठी कार्यवाहियों के बाद भी प्रदेश की जनता के बीच में मुख्यमंत्री की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है, इससे भाजपा बौखला गयी है। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व को भी मालूम है कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल का उसके पास कोई जवाब नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरोज पांडे प्रधानमंत्री मोदी से सवाल करने का साहस दिखायें कि ईडी, आईटी छत्तीसगढ़ में घूम-घूमकर कार्यवाहियां कर रही है तो रमन सिंह के 36,000 करोड़ के नान घोटाले, 6200 करोड़ के चिटफंड घोटाले, 4600 करोड़ के शराब घोटाले, पनामा पेपर घोटाले की जांच ईडी क्यों नहीं कर रही है? सरोज पांडे पूछे केंद्र सरकार रमन सिंह और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों के 1 लाख करोड़ का जांच क्यों नहीं करवा रही है?

### बरसते पानी में हुआ इमाम हुसैन का मातम

**रायपुर 8 सितम्बर।** हैदरी मस्जिद ट्रस्ट मोमिनपारा द्वारा हज़रत इमाम हुसैन के चालीसवें के अवसर पर आज यहाँ दोपहर बाद विशाल मातमी जुलूस निकाला गया। हैदरी मस्जिद ट्रस्ट शीआ अस्ना अशरी मोमिन जमात के मुतवल्ली हैदर अली, मीडिया प्रभारी ताहिर हैदरी एवं सुख़नवर हुसैन ने बताया है कि मातमी जुलूस मोमिनपारा से प्रारंभ होकर हांडीपारा, आज़ाद चौक , आमापारा, विवेकानंद आश्रम, राजकुमार कॉलेज,जी.ई. रोड, होते हुए देर रात्रि में ऐतिहासिक करबला तालाब पहुंचकर समाप्त हुआ । हज़रत इमाम हुसैन के चालीसवें के अवसर पर प्रतिवर्ष मोमिनपारा से विशाल मातमी जुलूस निकाला जाता है। जुलूस में कलात्मक ताज़िये और अलमे मुबारक भी शामिल हुए। राजधानी में हुसैनी मातमदारों ने जुलूस में शामिल होकर हज़रत इमाम हुसैन को अश्रुपूरित श्रद्धांजली अर्पित की। आज सुबह मोमिनपारा में कई स्थानों पर हज़रत इमाम हुसैन की याद में नज़रो न्याज़ का आयोजन हुआ। हैदरी मस्जिद से दोपहर बाद परंपरागत रूप से मातमी जुलूस निकाला गया। प्रारंभ में हज़रत इमाम हुसैन की शहादत पर केन्द्रित दर्द भरे मरसिये पेश किये गये।









कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23